यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद हम और आसानी से जल्दी से जल्दी इसको पूरा कर पायेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद। (समाप्त)

THE VICE CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): The question is:

That the Bill to amend the Food Safety and Standards Act, 2006 be taken into consideration.

The motion was adopted.

THE VICE CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, we shall take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 5 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI SUBODH KANT SAHAY: Sir, I beg to move;

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

THE BUDGET (GENERAL) 2008-2009

GENERAL DISCUSSION

डा॰ मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे गहुत महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। हम जब बजट पर चर्चा कर रहे हैं, तो हम एक विचित्र स्थिति में चारों तरफ से घिरे हुए हैं। हमारे वित्त मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी अमेरिका की अर्थ-व्यवस्था से बहुत ज्यादा जुड़े हुए रहे हैं। आज हम वहां देखते हैं कि वहां बहुत मंदी का दौर चल रहा है और वहां चुनाव भी हो रहे हैं। हम भी विश्व अर्थ-व्यवस्था से जुड़े हैं और उसका प्रभाव हमारे ऊपर पड़ता है, इसका प्रभाव हमारे रोजगार पर पड़ता है। आज विश्व में खाद्यान्न की कमी हो रही है और अन्न के दाम बेतहाशा बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल को मूल्य 109 डालर प्रति बैरल हो गया है। हमारे पड़ोस में भी राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरताएं हैं, चीन में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, डालर कमजोर हो रहा है, जलवायु में परिवर्तन से हमारी खेती और औद्योगिक व्यवस्थाओं पर भी दुष्परिणाम पड़ रहे हैं। उसकी चिंताएं और उसके परिणाम भी हमारे सामने हैं। मुझे पता नहीं है कि भारत और अमेरिका के बीच जो ऊर्जा के संबंध में समझौता हो रहा है, उसका ऊंट किस करवट बैठेगा, वह होगा, नहीं होगा और उससे किस प्रकार की हमारे ऊर्जा के क्षेत्र में अस्थिरताएं आएंगी, राजनीति के क्षेत्र में अस्थिरताएं आएंगी, मैं नहीं कह सकता। फिर जिस प्रकार से भारत में निवेश हो रहा है उसके क्या परिणाम होंगे और उससे हमारी अर्थव्यवस्था में क्या गिरावट आएगी या कोइ सुधार होगा। आज हमने अखबारों में देखा है कि हमारे औद्योगिक विकास की दर 2007-08 में हमारी अपेक्षाओं के विपरीत बहुत घट गई है। हम यह जानना चाहेंगे कि इन सभी समस्याओं का यह बजट किस प्रकार से निराकरण करेगा। बजट का मतलब क्या है? क्या बजट सिर्फ आय और व्यय का आंकड़ा है और उसमें कुछ फेर-बदलकर के एक हिसाब-किताब पेश कर दिया जाए, इतना ही है या बजट देश में किसी सामाजिक, आर्थिक परिवर्तन की भी दिशा देता है, लंबी दिशा देता है, छोटी दिशा देता है, वह किस तरफ ले जाना चाहता है।

महोदय, मेरे सामने भारत का संविधान है। इसके प्रियम्बल में उद्देशिका में लिखा है कि इसमें हम समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीति न्याय प्रदान करेंगे और इसमें हम अवसर की समानता और समता भी देंगे और यह भी कहा गया है कि व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता भी बढ़ाएंगे। यह संविधान की उद्देशिका में लिखा है। हम यह जानना चाहेंगे और देखना चाहेंगे कि क्या बजट इन उद्देश्यों को पूरा करता

है। क्या इस भावना को जिसके आधार पर यह गणतंत्र बना है, इस बजट के अंदर कोई स्थान दिया गया है या बजट उस तरफ कोई कोशिश कर रहा है। हम इन सब बातों पर अगर गहराई से विचार करें, तो हमें पता लगता है कि यह बजट, मैं धीरे-धीरे आपके समक्ष अपने विचार रखूंगा, किन उद्देश्यों को पूरा नहीं करता, बल्कि इस देश में आम आदमी के लिए एक बहुत भयावह जिंदगी का श्रीगणेश करता है। मुझे इस बात का अफसोस है कि हमारे प्रधान मंत्री ने, अपने भाषण में जब वह राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण पर चर्चा कर रहे थे, कुछ ऐसी बातें कही जो सत्य के केन्द्र से बहुत दूर थीं। मैं नहीं समझता कि किसी प्रधान मंत्री को इस प्रकार से सत्य के केन्द्र से दूर रहना चाहिए, *far away from the centre of truth.* इतनी दूर तक जाना, ऐसा मैंने पहले कभी नहीं देखा, लेकिन इस बार मैंने देखा है। अब कहा गया कि यह सरकार और कुछ नहीं कर रही है, बल्कि इसकी नीतियां वे हैं, जो हम कूड़ा-करकट छोड़कर गए थे, यह सरकार उसको साफ कर रही है। Prime Minister launched a scathing attack on NDA in Parliament on March 5 for leaving behind the problems such as indebted farmers and rising prices. उन्होंने कहा था "What we have done is nothing more than picking up the unpaid distress bill which the NDA Government left behind. "यह जो बात उन्होंने कही है, मुझे नहीं लगता कि हमारे वित्त मंत्री महोदय ने जो 2003-2004 का यहां आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत किया था, इकोनोमिक रिव्यू, वे उसको शायद भूल गए। उसकी शुरुआत ही कहती है कि The economy appears to be in a resilient mode in terms of growth, inflation, and balance of payment, a combination that offers much scope for consolidation of the growth momentum with continued macro economic stability.

फिर वे इसके आगे यह भी कहते हैं.---"The real Gross Domestic Product is estimated to have grown by 8.1 per cent in 2003-2004 buoyed by a strong agricultural recovery of 9.1" यह तो वे एग्रीकल्चर रिकवरी के बारे में कह रहे हैं। आगे वे यह भी कहते हैं कि "The economy has enjoyed the benefits of a relatively low inflation with comfortable stocks of food grains, an enhanced competition in product market and an appropriate mix of fiscal and monetary policy. "यह सब बात कहने के बाद जब प्रधान मंत्री जी और उनसे मिलती-जुलती आवाज में वित्त मंत्री जी यह आरोप लगाते हैं कि एन्डीए सरकार बहुत कुछ ऐसा छोड़ गई और एक डिस्ट्रेस में किसान और खेती को छोड़ गई, देश की अर्थव्यवस्था को बदहाल कर गई, वे इसे ठीक करना चाहते हैं तो मैं नहीं समझता कि इस प्रकार के किसी वक्तव्य की हमें उनसे अपेक्षा करनी चाहिए था उनका यह वक्तव्य किसी प्रकार के तथ्यों से मेल खाता है। आगे भी हमने देखा कि उन्होंने Outlook 2004 में उन्हें क्या मिलेगा, वे क्या कुछ समझते हैं, इस पर भी उन्होंने कहा है" Broad objectives and parameters of the monetary and credit policy for 2003 and 2004 have been met, and overall assessment of the developments during 2003 and 2004, and prospects for 2004-05 provide grounds for optimism." इसमें से पेसिमिज्म कहां आ गया? इसमें डिस्ट्रेस कहां आ गया? मैं मानता हूं कि आम तौर पर लोगों की स्मरण शक्ति कम होती है, मगर इतनी भी कम नहीं होती कि तीन-चार साल में ही भूल जाएं। खास तौर पर वित्त मंत्री और प्रधान मंत्री जी की स्मरण शक्ति तो इतनी कमजोर नहीं होनी चाहिए। अगर है तो आजकल बहुत सारे टॉनिक्स आ रहे हैं। मैं उन्हें सलाह दूंगा कि उनमें से कुछ टॉनिक्स का प्रयोग करें और अपनी स्मरण शक्ति को ठीक करें। मेमोरी प्लस हो सकता है। प्राइसेस एण्ड फूड मैनेजमेंट के चैप्टर में वे कहते हैं, "The double-digit annual average inflation rate of 10.6 per cent between 1991-92 and 1995-96 came down to 4.2 per cent, between 2001-02 and 2003-04. The structural decline in inflation has also narrowed the difference with inflation in developed economies." फूड एण्ड मैनेजमेंट में फिर आगे कहते हैं" "in the last two years, food stocks have been used as a principle resource for poverty alleviation programmes under the various welfare schemes. "यानी एन्डीए सरकार ने जो अन्न था उसका सदुपयोग किया, लोगों की गरीबी और भूख दूर करने के लिए किया। "The mid-day meal scheme संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना are the two major welfare schemes that absorbed a substantial off-take of food grains. "फिर कहते हैं "In the longer run, with resources currently being spent on holding stocks, it should be possible to eliminate hunger, make a significant dent on the current appalling levels of malnutrition among India's children and augment the quality of human resources. "यह परफोर्मेन्स तो हमारी 2003-04 की इनके शासन में आने से पहले थी और शासन में आने के छह, सात, आठ हफ्ते बाद इन्होंने यह इकॉनोमिक

रिव्यू देश की अर्थव्यवस्था पर पेश किया है, इन्हें कब याद आ गया कि हम डेब्री, डिस्ट्रेस और कूड़ा कर्कट छोड़कर गए हैं। क्या यह कूड़ा-कर्कट है? फिर एक्सपोर्ट्स के बारे में कहते हैं कि इन्होंने अनाज बाहर भेज दिया। यहां सर प्लस था और भारत को एक विदेशी बाजार में अन्न के मामले में हमने एक स्थापित शक्ति के तौर पर बड़े प्लेयर के तौर पर स्थापित किया था। "India exported over 20 million tonnes of food grains during the last two and half years and emerged as one of the leading exporters of food grains in the world grain market." फिर आप कहते हैं, The subsidy incurred on exports is estimated to be much lower than the expenditure that would have been incurred on carrying these foodgrains had they not been exported.' हमारे उस निर्यात को, जिसकी आज आप बहुत अधिक निन्दा कर रहे हैं, भर्त्सना कर रहे हैं, उसके बारे में तो आपके यही शब्द हैं। 'There is a need for establishing India as a reliable exporter of foodgrains to get a profitable outlet for channelizing the country's surplus foodgrains.' हम surplus foodgrains वाले थे, आज आप deficit foodgrains वाले हैं। आज भाव बढ़ा है और अभाव भी बढ़ा है। भाव भी बढ़ा और अभाव भी बढ़ा और आप हमको यह बात कह रहे हैं। मैं यह नहीं समझता कि इस तरह के शब्दों का प्रयोग माननीय प्रधान मंत्री जी या माननीय वित्त मंत्री जी को करना चाहिए। सरकार बदलती है, नीतियों में थोड़ा बहुत परिवर्तन होता है। सरकारें आएंगी और जाएंगी, लेकिन इस प्रकार से तथ्यों को तोड़ना-मरोड़ना और उनके विपरीत ऐसा वातावरण पैदा करना कि जैसे पिछली सरकार ने कुछ किया ही नहीं था और जो किया, उसको नकारना, मैं समझता हूँ कि यह ठीक नहीं है।

फिर फूड मैनेजमेंट के लिए आप कहते हैं, 'The comfortable supply situation and remarkable price stability in respect of foodgrains in different parts of the country, despite 2002 poor monsoon have demonstrated relevance of our food security system, notwithstanding the recent debate about its utility in the context of ongoing liberalisation, etc. फिर आप आगे कहते हैं, 'Thus, there has to be restraint in hiking the MSP of foodgrains till it equals the C-II cost of production of the least cost of that strain.' हमको कहा जाता है कि हमने MSP बढ़ाया ही नहीं। आप MSP बढ़ा रहे हैं और खुद आप कह रहे हैं कि 'There is a need to restrain it.'

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): That is a fact.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: Then, why are you criticising us? आप उल्टी बात क्यों कहते हैं? एक तरफ आप कहते हैं कि जब तक Cost के बारे में यह स्थिति नहीं आएगी, तब तक MSP नहीं बढ़ानी चाहिए। आप बढ़ा रहे हैं और बढ़ाने के बाद क्रेडिट ले रहे हैं और हमको गाली दे रहे हैं। यह क्या बात है? आप कहिए कि आपने चुनाव की वजह से दाम बढ़ाए हैं, आप कहिए कि आप इस सारे बजट का चुनाव के लिए फायदा उठाना चाहते हैं। हमें कोई आपत्ति नहीं है। राजनीति में होता है। आप कह रहे हैं, तो खुल कर कहिए कि चुनावी बजट है। फिर आप इसको विकास का बजट क्यों कहते हैं? Growth in agriculture: Agriculture and Allied Sectors of value added registered a growth rate of 9.1 per cent in 2003-04, reflecting the growth in physical production and remunerative prices of agricultural goods, the growth rate of this sector for 2003-04 was one of the highest in the recent years is only marginally lower than the previous high of 9.6 per cent achieved in 1996-97.

SHRI P. CHIDAMBARAM: Joshiji, if you pardon me, for 2003-04 agriculture growth, please refer to 2002-03.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: Yes, yes. I know. लेकिन आप तो यह नहीं कह सकते कि ग्रोथ नहीं हुआ।

SHRI P. CHIDAMBARAM: I am only requesting you.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: I am also requesting you and informing you what you have said.

SHRI P. CHIDAMBARAM: You please refer the growth of 2002-03 and then 2003-04 make sense.

3137RS—14

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: That is right. You, yourself have said, 'because of a bad monsoon.'

Sir, the total credit flow to agriculture in the IX Plan amounted to Rs. 2,29,956 crores which is projected now a substantial jump in the credit flow to agriculture. In the X Plan, it is projected at Rs. 7,36,570 crores, which is almost three times than the IX Plan achievement. This was in the X Plan which was mostly executed in our time. Then, if you look at the table with regard to institutional credit to agriculture from Rs. 31,956 crores in 1997-98, it became Rs. 80,000 in 2003-04-consistently rising. Even if you see the Kisan Credit Cards, the total number of Kisan Credit Cards issued were 4,39,079 and the amount sanctioned was Rs. 9,77,010 crores. आप यह कैसे कह सकते हैं कि रूरल क्रेडिट नहीं दिया गया! इस किसान क्रेडिट कार्ड में phenomenal progress हुई है। आपने खुद इसकी तारीफ की है कि किसान क्रेडिट कार्ड कितनी popular थी, कितनी लोकप्रिय थी। इस किसान क्रेडिट कार्ड के होते हुए, तमाम क्रेडिट फंड्स के होते हुए, कृषि में विकास होते हुए, फूडग्रेंस का सदुपयोग होते हुए, लोगों की भूख मिटाते हुए आप हम पर आरोप लगा रहे हैं कि हमने कुछ नहीं किया और जो कुछ किया, वह अब आप कर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि आप और अच्छा करें, हमसे बेहतर करके दिखाएँ, हमें खुशी होगी। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि अपने जमाने में हम बिलो पावर्टी लाइन्स के लिए प्रति परिवार 35 किलो ग्राम सस्ते से सस्ता अनाज दे रहे थे। बहुत बड़ी मात्रा में हमने यह अनाज वितरित किया और बरसों तक वितरित किया। उसी की वजह से देश में लोग अपनी भूख से छुटकारा पा सके। गरीब आदमियों को हमने राहत दी, लेकिन आज आप क्या कर रहे हैं? आज आप राज्य सरकारों से कह रहे हैं कि आप अनाज का आयात कीजिए। इस तरह तो आप अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाहते हैं। खाद्य के लिए आप राज्य सरकारों से कह रहे हैं कि आप अनाज का, खाद्य का आयात कीजिए। यह क्या बात हो रही है? आप सीधे राज्य सरकार को यह कर रहे हैं कि आप बाजार से ले आइए, लेकिन इससे किस प्रकार से बाजार भाव बढ़ेंगे और किस प्रकार से बाजार में अव्यवस्था आएगी, बिना इसका ध्यान किए हुए, सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहती है। सरकार लोगों को खाना खिलाने की जिम्मेदारी से बचना चाहती है। सरकार गरीब आदमियों को पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन्स सिस्टम के माध्यम से सस्ता अनाज देने की जिम्मेदारी से बचना चाहती है और धीरे-धीरे राज्यों को आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ जुड़ने के लिए और उससे प्रभावित होने के लिए मजबूर करना चाहती है। मैं यह समझता हूं कि यह अच्छी नीति नहीं है और अगर हम इस देश में अनाज के आयात करने की नीति शुरू करते हैं, तो यह देश की खेती के लिए बहुत खतरनाक नीति होगी।

श्रीमन्, यह आयात की नीति बड़ी खतरनाक है। इसने दुनिया के बहुत से देशों को परेशान किया है। आपको यह मालूम ही होगा और आगे मैं बताऊंगा भी कि आज अनाज की कीमतें दुनिया में किस तरह से बढ़ रही हैं।

आगे कहा गया कि किसान की ऋण माफी कर दी जाए और शायद यह बताया जा रहा है कि ऐसा पहली बार किया गया है, लेकिन ऐसा नहीं है. यह तो अंग्रेज भी कर देता था। वह भी लगान माफी कर देता था, थोड़ा बहुत कर्जा भी माफ कर देता था। वह कर्जा उस समय महाजनों का कर्जा होता था, उस समय वह शेड्यूल्ड बैंक्स का कर्जा नहीं होता था। चौधरी देवी लाल जी ने भी एक बार किसानों का 10,000 रुपये का कर्जा माफ करने की बात की थी, लेकिन तब आप लोगों ने कितना हल्ला मचाया था कि क्या कर दिया, खजाना लुटा दिया, लेकिन आज आप 60,000 करोड़ रुपये की बात कर रहे हैं। उसकी वास्तविकता क्या है, वह भी मैं आपको बताऊंगा कि जिस विदर्भ की दुर्दशा के कारण यह स्कीम सोची गई, वहां के किसानों के कुल कर्जे का 2/3 से 3/4 तक महाजनी कर्जा है, जो निजी क्षेत्र का है। फिर विदर्भ के किसानों को इससे क्या मिलेगा? श्री मुतेमवार ने सरकार को पत्र लिखा है कि इस कर्जा माफी का कोई भी फायदा कर्नाटक के छोटे किसानों को नहीं मिलेगा।

विदर्भ में 3 हैक्टेयर से अधिक की औसत जोतें हैं, लेकिन कर्ज माफी की सीमा 2 हैक्टेयर से कम है। चूंकि वहा जमीन की उपज कम है और वह असिंचित है, इसलिए उनकी होल्डिंग्स बड़ी हैं। फिर 31 मार्च 2007 तक का कर्जा माफ किया गया है, उसके बाद का नहीं किया गया। यह बात सारी दुनिया जानती है कि गन्ने वाले लोग दिसम्बर-जनवरी से मार्च के दौरान कर्जा लेते हैं, रुई वाले लोग अप्रैल से लेकर मई-जून के दौरान कर्जा लेते हैं, तो अगर आपने 31 मार्च, 2007 तक का कर्जा माफ किया है, तो वैसे ही वह विदर्भ वालों को नहीं मिलेगा और उस एक साल की कर्जा माफी से तो बिल्कुल ही वंचित हो जाएंगे। यह आप क्या कर रहे हैं?

पश्चिमी महाराष्ट्र के अंदर जोतें दो हैक्टेयर से कम हैं और वे बहुत उपजाऊ भी हैं। वहां का किसान ज्यादा समृद्ध है। गन्ना पैदा करता है। यह कृषि मंत्री शरद पवार जी का क्षेत्र है। वहां अंगूर पैदा होता है और उसमें उन्हें 80 हजार रुपये प्रति एकड़ मिलता है। लेकिन यह जो बेचारा रुई पैदा करने वाला किसान है, उसको 4 हजार रुपया प्रति एकड़ कर्जा मिलता है। इस तरह एक तरफ तो उसने कर्जा ज्यादा लिया, इसलिए उसकी माफी भी ज्यादा हुई, दूसरी तरफ इसको कर्जा भी कम मिला और इसकी माफी भी नहीं हुई और यह मर भी रहा है। आत्महत्याएं विदर्भ में ज्यादा हो रही हैं, पश्चिमी महाराष्ट्र में नहीं।

आप इसे देखें, यह क्या हो रहा है? क्या यह मजाक हो रहा है कि आप गरीब किसान को वंचित कर रहे हैं और अमीर किसान को मालामाल कर रहे हैं? इसे मैं समझता हूं कि ऐसा क्यों किया जा रहा है और उसका कारण भी मैं आपको बताऊंगा।

आप एक बात और भी देखें कि सारे कर्जे का 1/6% यानी 9,360 करोड़ रुपया महाराष्ट्र के हिस्से में आता है और इसका अधिकांश हिस्सा पश्चिमी महाराष्ट्र को मिलता है। फिर सवाल यह है कि विदर्भ को क्या मिला? इसका जवाब आपको देना है और समझाना है कि आप किसका कर्जा माफ कर रहे हैं? सारे देश में, जहां बारानी खेती है, जहां असिंचित भूमि है, वहां लोगों के पास जोत 10 एकड़, 8 एकड़, 9 एकड़, 12 एकड़ और 5 हैक्टेयर तक है, लेकिन उनकी उपज बहुत कम है। बुंदेलखंड में बहुत से लोगों के पास आपको 10, 12 या 15 एकड़ जमीन मिलेगी, लेकिन वह बारानी है, वह असिंचित है और उसको उपज बहुत कम है, किन्तु उनका कर्जा माफ नहीं होगा। लेकिन अगर किसी के पास 2 हैक्टेयर जमीन है और उसमें एक कैश क्रॉप होती है, जैसे अंगूर होता है, उसमें गन्ना होता है या तम्बाकू होता है, तो आप उसे माफ कर देंगे। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं। आप उनको माफ कीजिए, लेकिन जिसको भी जरूरत है, उसे भी माफ कीजिए। जिसको जरूरत है, उसको आप माफ नहीं कर रहे हैं, यह मेरा आरोप है। मैं किसानों के कर्जे को माफ करने के पूरे हक में हूं, लेकिन उस को माफ करने का कोई rational होना चाहिए, उसके पीछे कुछ तर्क होना चाहिए। आज इस देश में एक हेक्टयर से कम जोत वाले 72 लाख किसान हैं। इन पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की "हैंड बुक ऑफ स्टैटिस्टिक्स 2006-07" के अनुसार 20,499 करोड़ रुपए का कर्ज है और उन किसानों पर जो एक से दो हेक्टेयर की जोत रखते हैं, उनके 59 लाख खाते हैं, उन पर 20,758 करोड़ रुपए का कर्ज है। इस तरह कुल 41,257 करोड़ रुपए का कर्ज हैं। अब यह कहा जा रहा है कि इसे हमने माफ कर दिया। अभी इसके अन्दर जो महाजनी क्षेत्र से ऋण लिया गया है, उसका जिक्र नहीं है। इसलिए आपने कोई बहुत बड़ी बात नहीं की। आप हर साल कॉपोरेट सेक्टर को हजारों करोड़ रुपए की छूट देते हैं। मैं जानना चाहूंगा कि स्पेक्ट्रम आवंटन में आपने कितने हजार करोड़ रुपए लुटा दिये? उद्योगों को आप कितनी टैक्स-राहतें हर साल दे रहे हैं? आई॰ टी॰ सेक्टर को कितनी छूट दी गई है, एस॰ ई॰ जेड॰ में कितनी छूट और लूट मची हुई है? ये सवाल हैं, जब आप कहते हैं कि हमने किसानों को दिया। अव्वल तो दिया कहां से, आप बताएंगे और इन लोगों को आप देते आ रहे हैं, हर साल देते आ रहे हैं, हर सरकार दे रही है, हमारी सरकार ने भी दिया था, यह एक विचित्र बात है कि इस छूट का कोई जिक्र ही नहीं करता। 30-40 हजार करोड़ रुपए की छूट हर साल दी जा रही है, कभी बैंकों की तरफ से और कभी सरकार की तरफ से। एक तमाशा और है कि जिनके खेत 2 हेक्टेयर से अधिक हैं, उनके लिए वन टाइम सेटलमैंट है, यानी 75 परसेंट ऋण आपको देना होगा और 25 परसेंट की आपको छूट मिलेगी। अगर 75 परसेंट मैं दे सकता हूं, तो 100 परसेंट भी दे सकता हूं। क्या तमाशा की स्कीम बनाई है, लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, लोगों को भुलं में रखने के लिए, लोगों को भ्रम में रखने के लिए! फिर यह स्कीम इसी साल क्या आई? क्योंकि, यह चुनाव का साल है। जरूरत तो इसकी 2-3 सालों से महसूस हो रही थी, आवाजें उठ रही थीं, आत्महत्याएं हो रही थीं, तब सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगी। 'इस साल और अक्टूबर तक हम इसे पूरा करेंगे और झटपट पूरा करेंगे', यह क्यों किया जा रहा है? मैं जानना चाहूंगा कि क्या वित्त मंत्री यह बताएंगे कि किस राज्य में किसानों ने कॉमर्शियल, सरकारी और गैर-सरकारी बैंकों से, सहकारी बैंकों से और महाजनों से कितना कर्जा लिया है? अगर इसकी संख्या उनके पास है, तो वह बताएं और उनके जोत की संख्या क्या है, वहां एवरेज जोत क्या है, जिस पर कर्जा है तथा उनमें से कितने किसानों को राहत मिली है? वह यह भी बताएं कि देश भर में कितने किसानों ने किस प्रकार के बैंक से ऋण लिये और उसका भुगतान न कर पाने के कारण आत्महत्याएं कीं और महाजनों से ऋण लेने के कारण से कितने किसानों ने आत्महत्याएं कीं। क्या वित्त मंत्री जी यह भी बताएंगे कि उनके बैंक और महाजन कर्जा वसूल करने के लिए बाहुबलियों का प्रयोग कर रहे हैं। अभी हाल में अखबारों में आपने चित्र देखें होंगे कि एक महाजन ने बाहुबलियों का उपयोग कर के लोगों को घर से घसीट कर बाहर

निकाला। इसके बाद उस व्यक्ति ने बाहर जाकर जब गुहार मचाई और गांव के लोग वहां आए, तब कहीं जाकर वह छूट पाया। क्या आप इसको रोकेंगे? क्या इसमें इसकी कोई व्यवस्था है और क्या आप ऐसी व्यवस्था करेंगे कि आगे किसानों को ऋण लेने की जरूरत न पड़े?

यह कोई स्थाई सोल्यूशन नहीं है। आप खेती को लाभकारी कैसे बनाएंगे? आप सरकारी कर्मचारियों के लिए छठा वेतन आयोग नियुक्त करते हैं। यह बहुत अच्छी बात है। हम उसके हक़ में है। आप इन्फ्लेशन के साथ, मुद्रा-विस्तार के साथ उनके वेतन को नियोजित करते हैं, डी॰ ए॰ देते हैं। आप किसान के साथ क्या करते हैं? क्या उसकी कोई सुनिश्चित आय है? क्या आप यह कह सकते हैं कि एक निश्चित जोत के किसान को कम-से-कम सरकार के चतुर्थ श्रेणी के एक कर्मचारी के बराबर आमदनी सुनिश्चित होगी? आप किसान से यह आशा करते हैं कि वह काम भी करे, उसके बाद भूखा भी रहे और फिर आत्महत्या भी करे, जबकि यहां संगठित क्षेत्र के लोग और बाकी काम भी कम करें, खाना भी ज्यादा खाएं और फिर उसके बाद सिर्फ बहुत अफसोस के साथ यह कहें कि:

भूख है रोटी नहीं, गरीबी है तो क्या हुआ।

आजकल ज़ेरे बहस वित्त मंत्रालय में है यह मुद्दा।।

फिर उसके बाद आप यह कहें कि हम अभी बहस कर रहे हैं, देखेंगे, आगे बताएंगे और किसान से कहें कि तुम काम करते रहो, तुम आत्म-हत्या करते रहो। आप अब किसान के सब्र का और ज्यादा इम्तहान न लीजिए। मैं सदन के माध्यम से विन मंत्री जी, प्रधान मंत्री जी और देश की जनता को सावधान करना चाहता हूं कि अगर खेती की हालत यही रही, अगर किसानों की आमदनी लाभकारी नहीं की गयी तो देश एक ज्वालामुखी के ऊपर बैठा हुआ है, ऐसा मानना चाहिए। उसके कितने दुष्परिणाम होंगे, इस से मैं सावधान करना चाहता हूं। इस मामले को आसानी से न लीजिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था, "Everything can wait, but not agriculture." हमारे देश के प्रथम प्रधान मंत्री ने यह बात कही थी, लेकिन हम क्या कर रहे हैं? बजट-दर-बजट आप देखें, प्लान-दर-प्लान आप देखें कि हमने किस प्रकार से खेती की उपेक्षा की है। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमें अमेरिका के फूड सेक्रेटरी के उस वचन को भी ध्यान में रखना चाहिए कि "Food is a wapon in our bargaining kitty." हमारे पास अन्न एक ऐसा हथियार है जिससे हम राजनीतिक bargaining कर सकते हैं। आज हमारे पास अन्न कम है। आज हमारी खाद्य सुरक्षा की हालत बहुत खतरनाक है। आप उसे देखें कि हमारी क्या खपत है और क्या हालत है? आज के समाचार पत्रों में निकला है कि, 'Estimated yearly consumption of all foodgrains": North America-909 kilogram per capita; EU 552; Sub-Saharan Africa-162; Indian Subcontinent-179.' यह below the 'famine trap' है। सन् 1862 या 1864 में अंग्रेजों ने कहा था कि 200 किलोग्राम पर केपिटा, per year से अगर availability घटती है तो आप 'famine trap' में हैं। आप 179 दे रहे हैं और आज से 15 साल पहले भी मात्रा यही थी। महोदय, जनसंख्या बढ़ी है, लेकिन उसके अनुपात में food availability नहीं बढ़ी है और पशुओं के चारे का तो इस में जिक्र ही नहीं है। आज उनकी हालत भी बहुत खराब है। महोदया, वह कहते हैं, 'where do we go from here?' क्योंकि इसके बाद दाम बहुत बढ़ रहे हैं। अनाज घट रहा है। वह बाहर से इम्पोर्ट करना पड़ेगा। आप देखिए कि वर्ष 2001-2002 में wheat production 581.1 था और consumption 584.4 था और आज 2007-2008 में production 600.5 है और consumption 612.2 है। इसलिए अनाज के वर्ल्ड प्राइस बढ़ते जा रहे हैं। यह wheat की हालत है। यही हालत rice की है, यही हालत corns की है। अमेरिका चिंतित है, यूरोप चिंतित है, क्योंकि corn price बढ़ रही है। वह लोग कहते हैं कि आप उसका उपयोग ethanol में कर रहे हैं। तो प्रश्न किया गया, 'Where do we go from here? Think of prices as barometers of anxiety levels for users. And what would be the impact on India? Experts say, there is only one way to come out of the mess. It is expansion of foodgrain production, and the expansion must come fast. पर यहां तो expansion of suicide हो रहा है, यहां expansion of agricultural production नहीं हो रहा है। आप जिस तरह की नीतियां ला रहे हैं, मुझे इस बात की बहुत चिंता है। मैं जब कभी अखबारों में देखता हूं 'Living off the ground' 'Rising food prices compel the poor and the healthy to eat cookies made of mud' हेथी, कैरेबियन लोग मिट्टी से बिस्किट बनाकर खा रहे हैं क्योंकि अनाज नहीं मिल रहा है और प्राइस उनकी purchasing power से बाहर चली गयी है। वह कहते हैं कि हम नहीं खरीद सकते, अपने लोगों को नहीं दे सकते और यह हाल हेथी का ही नहीं है।

महोदय, आज 40 देशों में अनाज पैदा नहीं किया जाता है। वे लोग अनाज के इम्पोर्ट पर निर्भर करते हैं। अब उन का क्या हाल होगा? किसी भी दिन उनकी राजनीतिक और आर्थिक स्वतंत्रताएं, सार्वभौमिक स्वतंत्रताएं नष्ट हो जाएंगी। इसलिए मैं आप से कहना चाहता हूं कि आप इस मामले में देश को धोखा न दें, आप देश को गुमराह न करें। मैं सभी पार्टियों से और सदन से भी यह अपील करता हूं कि खाद्य सुरक्षा को ठीक रखने के लिए, किसानों की हालत ठीक रखने के लिए, देश की 70 प्रतिशत आबादी को ठीक रखने के लिए गंभीरता से चिंतन किया जाना चाहिए। एक राय बनाकर एक नीति का पालन करना चाहिए और यह अमरीकन मॉडल जो खेती का है कॉर्पोरेटाइजेशन का, इससे हमको छुट्टी मिलनी चाहिए। मुझे इस बात को कहने में कोई दुख नहीं है कि यह सरकार खेती, मतलब कॉर्पोरेटाइजेशन खेती, एग्री बिजनेस की खेती, विदेशी बीज और पेस्टिसाइड के ऊपर निर्भर खेती कराना चाहती है, जो देश के लिए बहुत खतरनाक होगी। इस मामले में मैं सारे सदन से यह अपील करूंगा कि वह बहुत गंभीरता के साथ इस पर विचार करे और हिंदुस्तान की खेती को इस पेस्टिसाइड और फर्टिलाइजर के जाल से मुक्त कराए, क्योंकि जो भारतीय बीज हैं, जो इस देश की प्रकृति के अनुसार हैं, उनसे खेती कराने का प्रयास किया जाएगा, तो शायद पांच-सात साल में यह हालत सुधर सकती है। इसमें गंभीर प्रयास की जरूरत है, ऐसी खेती में से ज्यादा लोगों को निकालकर बाहर ले जाने की जरूरत है। मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस बजट में इस तरफ कोई चिंता नहीं की गई है। पिछले चार-पांच साल के बजट अगर आप इस सरकार के देख लें, तो इनमें किसान के बारे में, देश की खेती के बारे में उपेक्षा के अलावा और कुछ नहीं है। इसी का नतीजा है कि भारी पैमाने पर आत्महत्याएं हो रही हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, दूसरी तरफ मुझे यह भी याद आता है कि प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि तीन चीजें बहुत जरूरी हैं-एक तो ग्रोथ बढ़नी चाहिए, दूसरा इनफ्लेशन यानी मुद्रास्फिति को घटना चाहिए और तीसरा, निवेश, इन तीनों के बीच संतुलन रहना चाहिएं इन्वेस्टमेंट, इनफ्लेशन, ग्रोथ, मुझे बहुत अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इन तीनों मामलों में यह बजट बिल्कुल असफल रहा है और देश की स्थिति पर इसमें कोई गौर नहीं किया गया है। अभी आज ही के दिन समाचार-पत्रों में है कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, आईआईपी में जनवरी, 2008 में गिरावट आ गई, यह जनवरी, 2007 के 11.6 परसेंट से गिरकर 2008 में 5.3 परसेंट हो गई। यह घटने की दर अगस्त, 2007 से शुरू हुई और जनवरी तक गिरती ही चली गई। आज के अखबारों में इसके आंकड़े दिए हुए हैं कि अगस्त में जो आईआईपी की वृद्धि दर 10.7 थी 2007-08 में और 2006-07 में 10.3 थी, उसके बाद यह घटनी शुरू हो गई। सितबंर में आईआईपी की वृद्धि दर 6.4 रही, जबकि 06-07 में यह 12 प्रतिशत थी। इसी तरह से आप देखेंगे, अक्तूबर में कुछ बढ़ी, लेकिन नवंबर में फिर घट गई यह 06-07 नवंबर में 15.8 परसेंट थी और इस साल 5.3 हो गई। फिर 06-07 दिसंबर में 13.4 थी, जो घट कर दिसंबर में 7.6 हो गई, फिर जनवरी में 06-07 में आईपीपी की दर 11.6 थी, जो जनवरी में घटकर 5.3 हो गई। इसमें देखने की बात यह है कि बिजली की दर 8.3 से घटकर 3.3 आ गई। यह भी देखने की बात है कि उपभोक्ता वस्तुओं की ही वृद्धि हुई है। कन्ज्यूमर्स, ये कौन से कंज्यूमर्स हैं, ये फैशन के कन्ज्यूमर्स हैं, लिपस्टिक्स हैं, कॉसमैटिक्स हैं, पावडर हैं, क्रीम है, साबुन है, इस तरह की चीज हैं, जो लग्जरी गुड्स हैं, इन उपभोक्ता वस्तुओं में जरूर वृद्धि हुई, लेकिन जो टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं हैं, ड्यूरेबल कन्ज्यूमर्स हैं, वे भारी पैमाने पर घट गए। वर्ष 2006-07 में इनकी रेट 5.3 थी, जो अब घटकर माइन्स 3.1 हो गई, लेकिन गैर टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में थोड़ी सी वृद्धि हुई है। पूंजीगत, कैपिटल गुड्स में तो भारी कमी हुई है, जो 16.3 से घटकर 2.1 हो गई है। यह इस बात का सबूत है कि इस देश में ग्रोथ घट रही है और जो यह कहा जा रहा था कि हमारी ग्रोथ बहुत बढ़ेगी, मुझे लग रहा है कि वह शायद अब नहीं बढ़ सकती, शायद इस साल 2008-09 में वह 6 परसेंट पर आकर लटक जाए, क्योंकि उसके बारे में तरह-तरह के लोग तरह-तरह की भविष्यवाणियां कर रहे हैं। कोई कहता है कि यह 7 परसेंट होगी, कोई कहता है कि यह 7.5 परसेंट होगी, कोई कहता है कि यह 8 परसेंट होगी और कोई कहता है कि यह 6 परसेंट होगी। इसके बारे में भी लोगों में आशंका हो गई है कि ग्रोथ की दर क्या अगर 9 परसेंट ग्रोथ की दर रखने का इरादा था, वह घट कर 6 परसेंट, 7 परसेंट पर आ गया, तो ग्रोथ आप मैनेज नहीं पाएंगे, इनफ्लेशन आप मैनेज नहीं कर पाएंगे। कीमतें बेहिसाब बढ़ रही हैं, क्योंकि आप देखें, यह आज के ही समाचार-पत्रों में कीमतों का जो विवरण है वह दिल दहला देने वाला है कि ये कीमतें कैसे बढ़ रही हैं। सारे के सारे एडिबल ऑयल्स के दाम बढ़ते जा रहे हैं, कोई ऐसा नहीं है कि जिस में कमी आई हो। 10 परसैंट, 8 परसैंट एक ही महीन के अंदर चीजों के दाम बढ़े हैं। चीजों के दाम बढ़ना बहुत खतरनाक है। आप देख रहे हैं कि एक तरफ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ गए, जिसकी वजह से आप कहते हैं कि मंदी आएगी और दूसरी तरफ आप इस देश के अंदर हर महीने, हर 15 दिनों में, आज जो अखबार में आंकड़े हैं, वे तो बहुत चिंताजनक हैं कि हर 15 दिनों के अंदर दाम बढ़ रहे हैं, जैसे आप देखेंगे कि खाद्य

तेल है, नमक है, उड़द है। उड़द के दाम बढ़ने से या दालों के दाम बढ़ने से मुझे बहुत चिंता होती है, क्योंकि इस देश में प्रोटीन का सबसे बड़ा स्रोत दालें हैं और दालों के दाम जब बढ़ते हैं तो आप न्यूट्रिशन भी घटाते हैं। आप केवल महंगाई ही नहीं बढ़ाते, आप केवल आम आदमी पर बोझ ही नहीं डालते, आप केवल गरीब आदमी की जेब ही नहीं काटते, बल्कि आप इस देश के न्यूट्रिशन को कम करते हैं। क्या सरकार ने कभी सोचा है कि उसकी खाद्य नीति से न्यूट्रिशन का संतुलन बना रहे या लोगों की रिक्वायरमेंट्स पूरी होती रहें? अगर यह महंगाई खाद्यान्नों में बढ़ती है तो वह गरीब आदमी, जिसके बजट का 55 प्रतिशत खाद्यान्न पर जाता है, उसका तो बिल्कुल ही दिवाला निकल जाता है। मंहगाई को न रोक पाना, हर चीज में मंहगाई के अंदर वृद्धि होना, यह बहुत खतरनाक है। नमक 5 से 7 परसैंट तक बढ़ गया। हमारे यहां कहा जाता था कि और कुछ नहीं मिलेगा तो नमक-रोटी खा लेंगे, लेकिन गेहूं का दाम भी बेहिसाब बढ़ गया और नमक का दाम भी बेहिसाब बढ़ गया, वो क्या खाए। कहते हैं मिट्टी की रोटी खाइए, जैसे हेती में खाई जाती है। यह सरकार इस देश के लोगों को सामान्य भोजन से वंचित करना चाहती है, न्यूट्रिशन से वंचित करना चाहता है यह बजट।

इस बजट और इस सरकार की नीतियों की वजह से ये हालात पैदा हुई है कि आज देश भुखमरी के कगार पर जा रहा है। कल अगर यही हालात रहे तो मुझे बहुत दुख के साथ कहना पड़ता है, भगवान न करे, यहां भी इस देश के अंदर लाखों-करोड़ों लोगों को मिट्टी की रोटी खाने पर मजबूर होना पड़ेगा। इसलिए हम चाहते हैं कि इस मामले में सीधी-सीधी बात होनी चाहिए। यह बताया जाए कि सरकार की नीतियों का जो दुष्परिणाम है, उसको ये कैसे ठीक करेंगे, यह बजट कैसे इन सारी चीजों का निराकरण करेगा, इस दिशा में यह बजट कैसे बढ़ेगा? मैं नहीं समझता कि इस बजट में कोई एक छोटी सी भी इस बारे में चिंता व्यक्त की गई है। न तो ये महंगाई रोक पा रहे हैं, न ये ग्रोथ ठीक कर पा रहे हैं और न ही ये निवेश के बारे में व्यवस्था ठीक कर पा रहे हैं, वह भी मैं आगे चलकर बताऊंगा। इनका जो कॉमन मिनिमम प्रोग्राम है, जिसको हमारे वामपंथी मित्रों ने बहुत जोर से सपोर्ट किया था, उस कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के बारे में, मुझे पता नहीं, इनकी क्या दृष्टि है। How do they look upon it मैं यह देखता हूं कि उसमें आम आदमी, यानी असंगठित क्षेत्र जो सबसे ज्यादा तादाद में है इस देश में उसकी क्या हालत है। क्या बजट उसे कुछ दूर तक धकेल सकता है? क्या इस बजट ने इस देश की अर्थव्यवस्था में विकृतियां और डिस्टॉरशंस पैदा नहीं की हैं?

यह बड़ा ढोल पीटा जाता है कि हमारे प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी रिफार्म्स के बड़े पुरोधा हैं और रिफार्म्स से सारे देश का कायापलट हो गया। हां, कुछ का हुआ है। क्योंकि हम देखते है कि 1992 से 2005-07 के दौरान भारत की वास्तविक आय में 120 से 125 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है, जब कि इसके पूर्व के 15 सालों में यह केवल 97 प्रतिशत थी। ठीक है, प्रगति हुई है, परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति आय में 77 प्रतिशत वृद्धि हुई है। लेकिन, जरा इसको देखें कि और क्या हालात हैं - विकास दर 9% के आसपास रही है, बचत दर 24% से बढ़कर 30-35% हो गई है और निवेश भी 30% के पास हो गया, विदेशी मुद्रा का भंडार भी 250 बिलियन डॉलर के पास हो गया, कुछ महीनों पहले रुपया डॉलर के मुकाबले बलवान हुआ था, अब फिर टूट गया है। लेकिन, ये जो हालात पैदा हुए, राइज़िंग और शाइनिंग, हर तरह से भारत के अंदर हमने परिवर्तन कर दिया, वह कहां तक पहुंचा, इसका अनुभव बहुत सीमित जनसंख्या को हुआ और वे लोग जिन्हें 20 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिदिन से अधिक उपलब्ध नहीं होता है, उन्हें इस अर्थव्यवस्था की उछाल का पता ही नहीं चलता। मैं आज, कल, परसों अखबार में देख रहा था कि हमारे देश के IIM के छात्रों को डेढ़ करोड़ रुपए के पे पैकेज मिले हैं, सवा करोड़ रुपए के पे पेकेज मिले हैं, दूसरी तरफ जो सबसे कमजोर है, उसे 9 रुपए प्रतिदिन की आय पर जिंदा रहना पड़ रहा है। 9 रुपए और डेढ़ करोड़ और जो औद्योगिक क्षेत्र में लोग हैं, उनकी आमदनियां तो बेशुमार हैं। मुझे खुशी है कि वे आमदनियां बढ़ी हैं। उसमें चार ही विश्वव्यापी, विश्व स्तर के धनीमानी क्यों हों, चार सौ क्यों न हों, चार हजार क्यों न हों, चार लाख क्यों न हों। यह देश कभी सोने की चिड़िया कहलाती थी, हालांकि वित्त मंत्री का यकीन यह नहीं है। वह कहते हैं कि भारत कभी विकसित था ही नहीं, भारत कभी धनी था ही नहीं। जिन किताबों में यह लिखा है उन्हें जला दो। मैं उन्हें बता दूं कि यह कहां कहा जाता है। मैं बता दूं कि 1830 में मैकाले ने यह लिखा कि मैंने सारा हिन्दुस्तान घूमा और मैं यह जानता हूं कि यह इतना धनी, इतना संपन्न और इतना सुसंस्कृत देश है कि इसको गुलाम बनाए रखना मुश्किल है। फिर जो कुछ हुआ, वह लंबी कहानी है, मैं उसे यहां नहीं कहना चाहता हूं वह records की बात है। ह्वेनसांग, फाह्यान, इन्होंने क्या कहा, जो लोग Alexander के साथ आए थे, उन्होंने क्या कहा, ग्रीक हिस्टोरियन क्या कहते हैं, उसको बिना जाने आपने कह दिया कि हिन्दुस्तान तो कभी धनी था ही नहीं। हिन्दुस्तान धनी था और हिन्दुस्तान फिर से धनी बनेगा।

आज हिन्दुस्तान कुछ धनी लोगों का गरीब देश है, लेकिन एक समय आएगा, जब हिन्दुस्तान दुनिया के धनी देशों में सबसे आगे होगा। यह कुछ धनी लोगों का गरीब देश न रह कर अधिकांश धनी लोगों का संपन्न देश बनेगा। जब तक आपकी अर्थव्यवस्था चलती रहेंगी, तब तक यह नामुमकिन है, यह नहीं हो सकता है। अब मैं आपको बताना चाहता हूँ, यद्यपि प्रधान मंत्री ने यह कह कर बड़ी सफाई से हाथ झाड़ लिए कि अर्जुन सेन गुप्ता की जो रिपोर्ट है, वह एक independent व्यक्ति की रिपोर्ट है और सरकार का उससे कुछ लेना-देना नहीं है। लेकिन वह रिपोर्ट बहुत मार्मिक है। उसको देखने की जरूरत है। वह रिपोर्ट यह बताता है, उस रिपोर्ट में जो लब्बो-लुबाब है, वह यह बताते हैं कि इस देश में different expenditure class के हिसाब से जनसंख्या कितनी है। वह रिपोर्ट उपलब्ध है, मैं इतना लंबा नहीं पढ़ना चाहता। वह कहते हैं कि जो दुर्बलतम कमजोर वर्ग है, vulnerable section है, उसकी जनसंख्या 76.7 करोड़ है। एक अरब बीस करोड़ में वह जनसंख्या 76.7 करोड़ है। इसके अंदर भी जब देखा जाता है तो यह पता चलता है कि यह poor vulnerable SC &ST में 87.8 परसेंट है और all OBCs except Muslims में 79.9 परसेंट है, all Muslims except OBCs में 84.5 परसेंट है और अदर्स में 54.5 परसेंट है। Vulnerability भी एक अजीब चीज है, जिसको देखने की जरूरत है। जो vulnerable section का परसेंटेज पोपुलेशन वाइज है, वह आप भी देखें, SC and ST में 33 per cent, all OBC except Muslims, 39.2 per cent; all Muslims except ST and SC, 34.8 per cent; others without ST, SC and OBC and Muslims, 35.2 per cent, यानी देश के हर सैक्शन में vulnerability लगभग बराबर है। यह कैसी हालत है? इस देश में 78.7 परसेंट दुर्बल वर्ग है और हर सेक्शन में लगभग 33 परसेंट यह दुर्बलतम वर्ग है जो थोड़े से आघात से धराशायी हो जाएगा। यह क्यों हो रहा है? इस पर विचार किया जाना चाहिए। पिछले 15 सालों में जब से ये रिफॉर्म्स लागू हुए हैं, तब से इस हालत पर गौर किया जाना चाहिए। तब क्या पोजिशन थी और अब क्या पोजिशन है। जिस प्रकार से, जितने प्रयोग हुए हैं, उसका लाभ किसको मिला है। वह भी हम आपको बताना चाहते हैं कि देश में क्या हालत है। आज इस देश के अंदर करीब-करीब 83 हजार लोग ऐसे हैं कि जिन धन्ना सेठ की परिसंपत्ति तीन सौ अरब डॉलर के आसपास है, जो 2004-05 में उस वर्ष की जीडीपी का 58 परसेंट था। एक धन्ना सेठ की औसत परिसंपत्ति लगभग 35 लाख डॉलर है, जब कि भारत की औसत व्यक्ति आय 630 डॉलर है। यह disparity है। एक धनी की परिसंपत्ति 56 या 57 सौ भारतीयों की आय के बराबर है। इस तरह से 83 हजार धनिकों की परिसंपत्तियां 46.77 करोड़ भारतीयों की सालाना औसत आय के बराबर है। हम चाहेंगे कि भारत की इस बढ़ती हुई समृद्धि का लाभ वित्त मंत्री जी नीचे तक दें। आपने उस दिन गुड गवर्नेंस पर संत तिरुवल्लुवर का एक बहुत ही धार्मिक पद्य पढ़कर सुनाया था, उसके अनुसार इस बजट में कहां वह बिनायनें, कहां वह कम्पैशन, कहां वह गुड गवर्नेंस है। किसी देश में, जिसकी इतनी बड़ी जनसंख्या इस प्रकार से वंचित हो, इस प्रकार से पीड़ित हो, तो इस प्रकार से अवसरों की तलाश में काम कर रहीं हो, संविधान की उस गाइडिंग लाइन से, उस उद्देशिका से, उस Preamble से सर्वथा विपरीत आप जा रहे हो, तो मैं नहीं समझता कि इस अर्थव्यवस्था से आप देश को आगे ले जा सकेंगे। या इस अर्थव्यवस्था से आप देश में कुछ आगे काम करा सकेंगे।

महोदय, बेरोज़गारी बढ़ रही है, मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता, लेकिन एन॰एस॰ तो कहता है कि 58 परसेंट आबादी, व्यक्ति नहीं, बेरोज़गारी से जूझ रही है और बेरोज़गारी शहर में पढ़े-लिखे लड़कों में तेज़ी से बढ़ रही है। अगर यह भूख और बेरोज़गारी तेज़ी से बढ़ी, तो हमारे गृह मंत्री, जो यह रोज़-रोज़ कहते हैं कि हम इस देश में तमाम होने वाले नक्सली और अन्य आंदोलनों पर नियंत्रण करेंगे और आप बराबर उसके लिए पैसा देते जा रहे हैं, उनका कोई नियंत्रण नहीं होगा, कोई हल नहीं होगा, अगर आप बेरोज़गारी, भूख और किसानों की समस्या का हल नहीं करेंगे। देश की अस्सी प्रतिशत आबादी को वंचित करके केवल एक प्रतिशत आबादी की धनाड्यता को लेकर कोई देश विकसित नहीं होता, इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि हम और आप इसमें जरूर गहराई से विचार करें। आपका बजट इस दृष्टि से हमें कोई राहत नहीं देता।

फिर अब मुद्रा-स्फीति, inflation - यह किस तरह से बढ़ रहा है, इसका सब अनुभव करें। आपकी फिस्कल पॉलिसी क्या है इसके मामले में, यह हमारी समझ में नहीं आता है। अभी आपने जितना राहत के लिए पैसा फेंकने की बात कही है, जितना आपने अभी संगठित क्षेत्र को डी॰ए॰ देकर राहत पहुंचाई है और जो आप छठे वेतन आयोग से पैसा बाज़ार में डालेंगे, उससे महंगाई बढ़ेगी। अगर उससे ग्रोथ बढ़ती होती, तो मुझे बड़ी खुशी होती। आप शायद ग्रोथ को stimulate करने के लिए यह पैसा फेंकना चाहते हैं, लेकिन ग्रोथ तो stimulate हो नहीं रही है, ग्रोथ तो बढ़ नहीं रही है। आप पैसा फेंकिए और ग्रोथ न बढ़े, तो वह कहां जाएगा? महंगाई पैदा होगी, देश के अंदर विषमता पैदा करेंगा, वह पैसा कहीं कुछ हाथों में सिमटकर रह जाएगा, यह एक ऐसा दुश्चक्र है, जो मैं बार-बार आपसे सदन में पूछता हूं और आप बार-बार यह

कह देते हैं कि यह बड़ा जटिल है। हां, जटिल है और इस जटिलता को सुलझाना भारत के लिए बहुत ज़रूरी है। यहां महंगाई न बढ़े, यहां ग्रोथ हो और यहां निवेश ठीक हो, यह जरूरी है। इसका संतुलन आपका बजट नहीं करता और यह बजट मेरी दृष्टि में घोर असंतुलन पैदा करता है। आपका सारा बाज़ार अमेरिका से जुड़ा हुआ है। वहां मंदी आती है, तो आपके यहां भी मंदी आ जाती है। विश्व व्यवस्था में तो यह होगा ही, लेकिन नतीजा क्या है? मैं अभी यह देख रहा था कि आई॰एम॰एफ॰ की एक रिपोर्ट थी, जो यह सवाल पूछ रही है कि क्या भारत में ' धनी अधिक धनी और निर्धन अधिक निर्धन हो रहा है? यह सवाल आई॰एम॰एफ॰ पूछ रहा है हमसे। मैं तो 1991 से कह रहा हूं कि ये जो आईएमएफ की नीतियां हैं, वर्ल्ड बैंक की नीतियां हैं, मेरे मित्र, रेड्डी जी सामने बैठे हुए हैं, ये भी हमारे साथ उस समय इन बातों को कहा करते थे, मैं तो आज भी कह रहा हूं, पता नहीं आप कह रहे हैं कि नहीं, कि ये नीतियां इस देश में धनी को धनी और निर्धन का निर्धन बनाएंगी और आज उलटे आई॰एम॰एफ॰ हमसे सवाल पूछ रहा है कि क्या ऐसा हो रहा है?

"इस सादगी पर कौन न मर जाए ऐ खुदा,
लड़ते हैं मगर हाथ में शमशीर भी नहीं!"

पूछ रहे हैं हमसे बड़े भोलेपन से कि क्या भारत में गरीबी बढ़ रही है? क्या धनी अधिक धनी हो रहा है और निर्धन अधिक निर्धन हो रहा है? Stiglitz पूछ रहे हैं इस बात को कि भाई, आप अपनी नीतियों को बदलिए, आप inflow के बारे में ऐसा करिए, वैसा करिए और Stiglitz महोदय ने बहुत पहले जो बात कही थी, मैं उसको पढ़ कर सुना देता हूं, पूरी पुस्तक तो पढ़ने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह पुस्तक लिखी थी "Globalisation and Its Discontents". इसके कवर-पेज को ही थोड़ा सा पढ़कर सुना देता हूं।

" I have written this book because while I was at the World Bank, I saw firsthand the devastating effect that globalisation can have on developing countries, and especially the poor within those countries. I believe that globalisation, the removal of barriers to free trade and the closer integration of national economies can be a force for good and that it has the potential to enrich everyone in the world, particularly the poor market. But I also believe that if this is to be done, the way globalisation has been managed, including the international trade agreements that have played such a large role in removing those barriers and the policies that have been imposed on the developing countries in the process of globalisation, need to be radically rethought". और भी वह कहते हैं, "Globalisaiton today is not working. It is not working for many of the world's poor. It is not working for much of the environment. It is not working for the stability of the global economy."

2003 में Mr. Woltemohn ने कहा, "This world is out of balance." उन्होने कहा कि, "let us identify those forces who have created this imbalance". And I say that ;this IMF-World Bank model of development is one of the biggest forces which is destabilising the global economy. It has created a wide gap between the rich and the poor. It has plunged now one-sixth of the world's population in the pangs of hunger, deprivation disease, squalor, and no education. If this is what you mean by 'a globalized economy' and 'the uplift of economies', then I ask: What else will be the meaning of 'poverty', and what will be the meaning of 'economic exploitation?' वित्त मंत्री जी, आप किस अर्थव्यवस्था की तरफ हमें ले जा रहे हैं? आप भारत की अर्थव्यवस्था की लिए भारत के हिसाब से सोचिए। भारत में बहुत potentiality है, भारत में बहुत दम है, भारत की तरफ देखिए, भारत की तरफ ध्यान दीजिए। आखिर में मुझे एक बात और कहनी है और वह यह है कि आपका बजट communally divide कर रहा है, communal बजट है। आप बजट स्पीच में यह कहते हैं कि माइनॉरिटीज के लिए यह होगा। आप कहते हैं कि बहुत ज्यादा तादाद में माइनॉरिटीज के लोगों को हम पैरा-मिलिट्री फोर्सिज में भर्ती करेंगे- यह क्या है? यह क्या communalisation of Budget आप कर रहे हैं? सच्चर कमेटी की बातें कही जाती है। मैंने उसका analysis किया है। समय समाप्त हो रहा है इसलिए मैं उसको नहीं बोलूंगा लेकिन मैं यह बताना चाहता हूं कि यह एक भ्रम है कि इस देश में किसी खास कम्युनिटी के साथ विशेषकर मुसलमानों के साथ बड़ा अन्याय हो रहा है। आज इस देश में सच्चर कमेटी के मुताबिक 10 राज्य ऐसे हैं जिसमें मुसलमान भाइयों की शिक्षा की दर उनके राज्य के औसत से ज्यादा है- उसमें

झारखंड भी है, उसमें मध्य प्रदेश भी है, उसमें छत्तीसगढ़ भी है, उसमें राजस्थान भी है, उसमें गुजरात भी है। यह इस बात का सबूत है कि मुसलमान तरक्की कर रहा है, इस बात का सबूत है कि वह पढ़ने में आगे आ रहा है। मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि कुछ राज्यों में मुस्लिम महिलाओं की शिक्षा की दर राज्य के औसत से और पुरुषों के औसत से बहुत ज्यादा है। यह हो रहा है। हमने सर्व शिक्षा अभियान शुरू किया था, और भी बहुत प्रकार की सहायता उनको दी थी, उसका नतीजा हमें मिल रहा है और मिलना चाहिए। आप उनको शिक्षा दीजिए, वे आगे आएंगे। वे इसी देश के निवासी हैं। उनकी बुद्धिमानी में मैं कोई कमी नहीं देखता। मैं बुद्धि को किसी धर्म या जाति की बपौती नहीं मानता हूं। प्रतिभा हरेक के लिए समान है। उनको आप अवसर दीजिए, वे आगे आ रहे हैं। ग्रुप-ए सर्विसिज में राज्यों में उनकी संख्या बढ़ रही है। बैंक डिपॉजिट्स में, टोटल जो अकाउंट होल्डर्स हैं, उसमें 12 परसेंट मुसलमान भाई हैं, तो कि उनकी आबादी के बराबर है। कौन सा अन्याय है? कहां से उनके पास पैसा आ रहा है? जब काम कर रहे हैं, देश की प्रगति में भागीदारी कर रहे हैं तो पैसा आएगा। उनके अकाउंट पर जो लोन की संख्या है, वह पिछले चार-पांच साल में, यानी 2004-05 के पहले दुगुनी हो गयी है। क्यों हुई? कैसे हुई? फिर कहा जा रहा है कि वे सर्विसिज में नहीं है। अरे भाई, हर आदमी सर्विसिज में नहीं आता है लेकिन वे लोग जो काम कर रहे हैं, वह एक्सपोर्ट ओरिएंटिड काम है। आप हैंडलूम में उनको देखिए, brassware के अंदर उनको देखिए, साड़ी के काम में आप उनको देखिए- वे पैसा लगा रहे हैं। सर्विसिज में आएंगे। शिक्षा में जैसे-जैसे वे आगे बढ़ेंगे, उनकी तादाद वहां भी आएगी। वे बहुत अच्छे स्टूडेंट्स हैं, मैंने 40 साल तक पढ़ाया है और मैं यह कह सकता हूं कि जो मुसलमान लड़के आते थे, वे किसी से कम नहीं होते थे, टॉपर्स भी होते थे। इसलिए यह कहना कि हम उनके लिए विशेष करेंगे, उनको भी भ्रम में रखना है। साफ बात होनी चाहिए। पिछले साठ साल में हिन्दुस्तान की राजनीति ने और अर्थनीति ने जो अवसर लोगों को दिए हैं, उससे मुसलमान भाइयों ने लाभ उठाया है। वे और लाभ उठाएं, हमें खुशी होगी। वे देश की प्रगति में और भागीदारी करें, हमें और खुशी होगी। आप पाकिस्तान के साथ तुलना कीजिए। पाकिस्तान की क्या हालत है और हिन्दुस्तान की क्या हालत है। तुलना कीजिए कि जो मुसलमान यहां रह गए थे वे कौन थे, किस हालात में थे। जो यहां से चले गए, वे कितनी सम्पत्ति लेकर गए। इन्होंने पिछले साठ सालों में, इस देश की राजनीति के कारण इस देश के मानस के कारण एक अवसर पाया है और उस अवसर से वे आगे बढ़े हैं। उन्हें आगे बढ़ना चाहिए, हमें खुशी होगी। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप सब कुछ ऐसा कर दें कि राशि वहीं जाएगी। फिर दलित का क्या होगा, ओबीसी का क्या होगा? वे भी vulnerable हैं। इसलिए अर्थनीति को इस तरह से कम्युनलाइज करने के हक में हम बिल्कुल नहीं हैं। अर्थनीति सबके लिए समान होनी चाहिए। अर्थनीति का लाभ सारे देश को मिलना चाहिए। यह सेक्टोरल, यह कम्युनल बजटिंग हम पहली बार सुन रहे हैं। यह बहुत गलत है और मैं इस प्रकार की बजटिंग का विरोध करता हूं। क्लाइमेट चेंज के बारे में ....(व्यवधान)...

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI S. JAIPAL REDDY): Sir, I ....*(Interruptions)*...

DR. MURLI MANOHAR JOSHI. I am not yielding.

इसके बारे में तकलीफ होती है, क्योंकि वोट बैंक पर असर पड़ता है, उधर से भी आ रही है चुप रहो, हम बोलेंगे, चुप रहो हम बोलेंगे, क्या बात है? साफ बात सुनने की कोशिश कीजिए।

फिर क्लाइमेंट चेंज पर क्या असर होंगे, यह लम्बी कहानी है, इस पर मैं ज्यादा बोलना नहीं चाहता, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि क्लाइमेंट चेंज से उद्योग और कृषि दोनों बुरी तरह से प्रभावित होंगे, अगर उस पर ध्यान नहीं दिया गया। जो प्रोडक्शन मॉडल है, अगर उस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो एग्रीकल्चर और इंडस्ट्री दोनों प्रभावित होंगे। बिजली के सेक्टर में आप एलईडी की तरफ क्यों नहीं जाते हैं? आज ऐसी व्यवस्थाएं हैं, जिनसे आप आठ-आठ सौ मेगावाट बिजली बचा सकते हैं, जो सारी दिल्ली के लिए पर्याप्त हो सकती है। सिर्फ स्ट्रीट लाइट में नेनो टेक्नालाजी का प्रयोग करिए। आप साइंस एंड टेक्नालॉजी की बात करते हैं, मगर उसका उपयोग आम आदमी के लिए नहीं करना चाहते हैं। Where is the common man? Where is this man? इसका बजट में कहीं जिक्र नहीं है। इसलिए उपसभाध्क्ष जी, मैं इस बजट का तीव्र विरोध करता हूं और इस बजट की मूल धारणा से मैं असहमति व्यक्त करता हूं। यह आम आदमी के खिलाफ है, यह ग्रोथ के खिलाफ है, यह किसान के खिलाफ है और यह देश की एकता और अखंडता के खिलाफ है, क्योंकि यह बजट में कम्युनल डिवाइड पैदा करता है। धन्यवाद।

3.00 P.M.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF P.J. KURIEN): Thank you, Dr. Murli Manohar Joshi. Now, Shri Janardhana Poojary.

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka): Thank you, Sir. This is the best Budget which I have seen for the last so many years. Sir, there is a qualitative change in the Indian economy. ...*(Interruptions)*... I am not saying this for scoring a debating point. Sir, if you kindly see the fundamentals of the economy since the First Five Year Plan till the Eleventh Five Year Plan we are in the first year of the Eleventh Five Year Plan—we have gone a long way. There is a contribution that has been made by the people of the nation.

Sir, now here, if you kindly look into the history of the Congress of 123 years, when we started, we promised to the nation that we are committing ourselves for the freedom, that is, the political freedom. Then, Sir, we have also promised that we are going to give them economic freedom and are going to free the country from the economic slavery....*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please. ...*(Interruptions)*... Mr. Pany, if you want to talk, you go to his seat and talk. ...*(Interruptions)*...

SHRI RUDRA NARAYAN PANY (Orissa): Sir, I am a very good listener. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You can go to him and speak.

श्री अमर सिंह (उत्तर प्रदेश): सर, पाणि जी ही नहीं, यहां तो मंत्री जी भी बात करते है। ....(व्यवधान).. प्रथम पंक्ति में बैठे हुए वित्त मंत्री जी और जयपाल रेड्डी जी, आपस में बात कर रहे थे, तब आपने टोका नहीं। ...(व्यवधान)...

श्री सुरेन्द्र लाठ (उड़ीसा): सर, वित्त मंत्री जी बात कर रहे थे, उस समय आपने टोका नहीं। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, no. That is not the point. Mr. Pany is talking at a distance from where I can directly hear. That is the point. I can hear him. I have not heard others. If I hear them, I will certainly tell them. ...*(Interruptions)*... If I hear them, I will tell them.

SHRI JANARADHANA POOJARY: Sir, when I saw through the TV ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): One second, See, if you want to talk to a Member, go to his seat and talk, then, I will not be disturbed. But, here, what happened is, from this side, he is talking loud ...*(Interruptions)*...

SHRI AMAR SINGH: Sir, nobody should talk including Ministers. ...*(Interruptions)* ..

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Yes, that is the rule. ...*(Interruptions)*... Amar Singhji, that is the rule ...*(Interruptions)*... Okay, please.

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, after attaining political freedom, we went in for Industrial Policy Resolution of 1948. Sir, it is not a new thing. The words might have been changed. Globalisation, liberalisation, etc. have been there even after 1948. So, we wanted to progress. The then Prime Minister of the nation had a vision that we must have a mixed economy. On the one side, there should be public sector and, on the other, there should be private sector. Both should contribute to the development of the nation. After the Bhubanswar Resolution, in Bangalore Resolution, the All India Congress Party

has come out with ten points. There we have committed ourselves to a vibrant and very strong economy with growth as also social justice. Today, we are coining another term "inclusive growth". It is not a new thing. The point which I am going to make is that we have been criticised. I belong to a poor family. I have seen poverty. I have seen hunger. When I saw the hon. Minister presenting the Budget, in fact, for the first time, I felt that he had touched the heart of the people of this country. I will come to the point why I was moved later. He touched every sector of the economy, every section of the people of the nation. You have seen the farmers' plight. He has touched them. His heart has bled for them. He has touched the middle class people. He has also touched the old people. He has contributed much more to the State exchequers also.

Now, first, I would deal with the State resources which have been transferred from the Central Government. In the year 2004-05, an amount of Rs. 1,86,871 crores was transferred to the State. In the year 2008-09, an amount of Rs. 3,28,420 crores has been transferred to the States . What a big jump! We have been criticised earlier. When I was in the Finance Ministry also, we had been criticised saying that the States were neglected and sufficient funds were not made available to the States. Now, the credit will go to the UPA Government, the Congress Government, as also to the allies, including our ally the CPM, the Left Party. Now, fiscal management has been done. The point is whether the Indian economy has seen a boom, whether we have developed to the extent which is expected by the people of the nation,

श्री ब्रजभूषण तिवारी: बस, मैं एक सैकिण्ड में समाप्त कर रहा हूं। मान्यवर, जिस प्रकार की स्थिति है, उससे यह साफ हो रहा है जिस अनुमान के आधार पर यह बजट है, यह बजट अनुमान सफल नहीं होगा, क्योंकि जो ग्रोथ रेट है, जिसकी आहट और आधार मिला है, उससे लगता है कि हम इस ग्रोथ को मेन्टेन और सस्टेन नहीं कर पाएंगे और देश एक बहुत भारी आर्थिक संकट में फंसने वाला है। इसलिए मैं एक बार फिर केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह अपनी अर्थ नीति में बदलाव लाएं और देश के अंदर जो कृषि है, बेरोजगार नौजवान हैं, यहां का जो गरीब तबका है, उसके हित, साधन, उत्पादन में साझीदार बनाने की योजना चलानी चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ, इस बजट का विरोध करते हुए मै अपनी बात खत्म करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN (Kerala): Sir, we are discussing the annual Budget of this year, which deals with the problems of more than 100 million people. This country has great expectations from this Government this year since we are facing an acute crisis in agriculture as well as a hike in the prices of essential commodities. Sir, the poor people are becoming the victims of this situation. Ours is an agrarian country where still 65 per cent people earn their livelihood by means of agriculture. We are facing a deep crisis. On the one side, suicides by the farmers and deaths of the poor people are being reported; on the other side, we are facing a fall in the production and productivity. Sir, naturally, this Budget should address both these questions, but unfortunately, only one issue has been addressed, that is, the debt trap in which our farmers have fallen. Sir, every year, millions of farmers in this country are losing their farming land. That is the problem. Because of the hike in the investment in agriculture, the poor farmer is not in a position to make that much of investment. Every year, agriculture is proving to be a loss- making business for small farmers. So, naturally, they have to go in for loans. Whatever price he is getting for the produce is lesser than his expectation. Naturally, after four or five years of failure in agriculture, he is forced to sell off his land and thus, becomes a landless farmer. That is why the number of agricultural workers is increasing and migration is also increasing. This issue has to be addressed properly. In this Budget, only one part has been addressed, that is, the debt relief. I welcome this. But the other part still remains to be addressed. Sir, the allocation for agriculture should be enhanced. Other infrastructure should also be made available. Whatever is already there is not sufficient. Unless we improve the quality of agriculture by improving the productivity, we will not be in a position to address this problem. Sir, the Budget has, unfortunately, failed to address this very important question. And, while we are failing in addressing this issue, we will fail in two areas. Sir, for the first time in this country, we are facing the problem of price hike of the essential commodities because of the failure of production of foodgrains. Sir, for the first time, we don't have sufficient paddy, we don't have sufficient wheat, and we don't have sufficient cereals. So, in such a situation, the Government has to enhance its investment in

this sector. Sir, when the country is facing the problem of price rise, what should be the approach of the Central Government? I would like to say that the Central Government should adopt an approach of market intervention. We are anticipating such a thing. We are always talking about the Centre-State sharing on some of these issues. With regard to price rise, I would say that we have had a similar experience in our State. We are also facing this problem of increase in foodgrain-prices there. Now, Sir, what was the approach of the State Government? In order to tackle this problem, the State Government tried to strengthen the Public Distribution System and the cooperative system to provide foodgrains to the poor people at a lower price. So, that kind of intervention is needed. The State Government directed the consumer cooperative organization to purchase rice from Andhra Pradesh at a higher price and sell it at a lower price inside the now we are facing acute shortage of foodgrains in the country. Sir, we always make a comparison between India and China. In China, the net sown area for agriculture is lesser than that of India. But with regard to production of major crops, the position in this. With regard to paddy, China's contribution is 29.8 per cent whereas our country's contribution is 21.1 per cent. With regard to maize, India's contribution is only 1.9 per cent; China's contribution is 18 per cent. With regard to wheat, China's contribution is 14.5 per cent; India's contribution is only 11.4 per cent. Then, as for cereals, China's contribution is 17.9 per cent, and India's contribution is 10.6 per cent. What does this show, Sir? This shows lack of productivity in this country. The lack of productivity is because of lack of investment in agriculture in the country. Unfortunately, that aspect is not properly addressed to even in this Budget. Only one aspect has been covered. How can we improve the production and productivity of agriculture in this country? How do we help the poor peasants living in rural areas of this country? It can be done through a proper programme which would give him access to modern equipments so that he could be in a position to use a high-yielding variety of seeds and new hybrids of different crops. Other than this, more money for agricultural research should be allocated.

State and, Sir, the State Government had borne whatever was the difference in price. That is the approach adopted by the State Government of Kerala to tackle this crisis of foodgrains. A similar kind of approach should be adopted by the Central Government. The Central Government has to help the State Government. A share in this kind of expenses should come from the side of the Central Government. If the State Government is prepared to intervene in the market in order to stop this crisis of rise in the prices of essential commodities, the Central Government should share the burden. That approach is lacking in this Budget. That is the problem. So, naturally, the consumers won't be helped by this kind of approach in the Budget. Unfortunately, on this point of price-rise of essential commodities. I would like to criticise the Government. The approach to help the poor man is not there in this Budget. In order to help the consumer in a period of rising prices, the kind of approach which needs to be adopted by the Government is not there in the Budget. So, that is a deficiency which we have seen in the Budget. Sir, what is the reason for this? The public investment is coming down. That is the problem. In agricultural sector, it is coming down. In irrigation, it is coming down. In electricity, it is coming down. In that way, the public investment is coming down. Sir, even now, twenty-four per cent of the GDP is coming from the public sector. Only one public sector company, the oil company, is giving more than Rupees one lakh crores as tax to the Central Government. From where does the major part of the tax is coming? Sir, it is coming from our public sector. Your oil companies are giving it. The hon. Finance Minister has told that this time, the full revenue income was there. It means, his expectation was fulfilled. From where is it coming? It is coming from the public

sector. Every day, we are reading in the newspapers, in the magazines, that, in India, the number of rich persons is increasing. Their number is increasing in the Forbes Book. Their profit is increasing. Sir, their profit is increasing, but their share in the revenue is not increasing to the extent their profit has increased. Their share and money has increased substantially. Is it balancing? If you go through the approach that is adopted in this Budget, we are differing with the Government. You are not ready to touch the rich people who are making the maximum profit during this period. They are making maximum profits. Why are you afraid of touching them? This country owes an answer from the Government. The poor man is in distress. Farmers are committing suicide. There is a hike in the prices of essential commodities. The country is facing acute crisis and the Government is not ready to touch the rich section that is making the maximum profit because of the policies being pursued in this country. Why are you wary of the rich? You owe an answer to this country. Why are you wary of the richer section in the society? This is a very serious issue. It is very alarming.

As regards investment, we are now reaching a situation where public investment is steadily declining and the private sector is making investment in profit-making areas. Sir, it was only during the quarter from September, 1999 to December, 2000 that such a situation occurred in India. Now that situation has arisen again. Since September, 1999, outstanding private investments have been lower than Government investment in this country. In that quarter of 1999, the situation was different. Sir, the difference between private and Government investment has grown from 14 per cent in the quarter ended December, 2006 to 28 per cent in the quarter ended March, 2007. In the quarter ending March, private ownership of outstanding investments exceeded Government ownership of Rs. 3,74,045 crores. This is mainly due to the boom in construction, electricity, mining and services, where maximum profit could be got. Here, the private sector, which increased its investment by 335 per cent in construction, got the maximum profit. It is a booming industry in the country. Private sector investment was increased by 335 per cent, in electricity, by 119 per cent, in mining and services sectors, by 112 and 78 per cent respectively, whereas the Government investment growth in mining, irrigation and service sector showed signs of slowing down. Growth in mining investment fell to 30 per cent in 2006-07 from 81 per cent in 2005-06. Similarly, in services, the growth fell from Rs. 44,200 crores in 2006-07. Here it is an increase of only 9 per cent whereas in the previous period, investment was Rs. 1,26,119 crores, which was an increase of 33 per cent. This is the position. Every year, this public investment is coming down. This is going to create a big problem in our country. It would have an adverse affect. Are you mindul about the future of this nation? What is the experience of the public sector? There may be limitations but what is the income which we are getting? Are you mindful of the future of this country? We want more investment in irrigation, health and education. From where will you get the resources? The resources are coming from taxes. This Government is unfortunately neglecting this important area of public investment.

Then, Sir, I would like to say that there is more emphasis on NGO's and less emphasis on local self-government. You must provide more help to the local self-government. You must promote it. What is the approach of the Government with regard to self-help groups? Would you like to promote the self-help groups through local self-governments or through NGOs? What is the history of NGOs in this country? We know from experience that most of them are corrupt. At least, the local self-Government is accountable to the people. That should be encouraged. Unfortunately, the approach of the Finance Ministry with regard to the self-help groups is totally against the local self-Government. They are going to destroy the system. We have our bitter experience in Kerala. Now, we are very much anguished

about the approach of the Government. They are promoting only the NGOs in the States. This approach should be stopped and you have to strengthen the self-help groups.

SHRI S.S. PALANIMANICKAM: The self-help groups should be separated from the NGOs as early as possible. That is the decision of the Government.

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: But, Sir, I have seen that recently, the hon. Finance Minister has gone and inaugurated one such programme. That is why, I am expressing my concern.

SHRI S.S. PALANIMANICKAM: As soon as possible, self-help groups will be separated from NGOs.

SHRI A. VIJAYARAGHAVAN: Sir, the concern is there because in Kerala, we have best experience of the self-help groups in the rural areas. Now, it is going to be adversely affected.

Similarly, there are two-three problems related to my State. Hon. Minister, Shri Vayalar Ravi, who is sitting very near to me, is in the charge of the Ministry of Overseas Indian Affairs. One problem is related to five million workers from my State who are working in the Gulf Region. They are all poor people. It is not possible for us to provide employment to these five million people. They are working very hard. They are sending crores of rupees, foreign currency, in this country. It is the strength of this country. Whenever this country needs some extra money, if you come with a bond ....*(Interruptions)*.... Yes, 18 billion is the amount of their annual contribution which the hon. Minister, Shri Vayalar Ravi, has told me. So, if we compare their contribution with the kind of security that we are providing to them, it is nothing. We were anticipating a safety mechanism for them, some investment scheme for the Gulf returnees. It was a request from our side. Unfortunately, that has not been done in the Budget. It is a very serious lacuna, a failure in the Budget. When we met the hon. Finance Minister for pre-Budget discussion, I had an opportunity to raise this matter. I had a hope that this issue would be addressed. Unfortunately, the problems related to the NRIs in the Gulf Region, especially the workers who are there, and the Gulf returnees have not been addressed in the Budget. At least, while the Minister answers this debate, I am anticipating that some announcement will come from him which would help to resolve some of these issues of Gulf returnees who are working in that region.

Similarly, with regard to the assistance to the States, my humble request is that most of the assistance is through projects. The difficulty in projects is that in a country like India, for States, it is very difficult to implement the programmes. Naturally, the aid to the states should be through grants. If aid is given only through Centrally-sponsored programmes, it creates problems for the States. So, more grants should be given to the States. The allocation for the States should be enhanced. That approach should be there. Even now, in the service sector, the State Governments are not in a position to levy taxes. That is an issue which we are discussing. While discussing this Budget, my suggestion is that this approach of the Government will help in solving some of the financial crisis being faced by the States. So, the Government has to look into this matter also in order to help the State Governments.

I have one more request in view of the assurance by the Finance Minister that they are going to start some IITs. Our Chief Minister had approached and met hon. Prime Minister and given a representation also in order to start an IIT in Kerala. My humble request, while concluding my speech, to the hon. Finance Minister is to start an IIT in Kerala and implement

the assurance given by hon. Prime Minister. One IIT should be started in the State of Kerala because it has highest literacy rate in the country. It is a long-standing demand. The best human resource in the country comes from Kerala which goes all over the world. At least, for them, this minimum thing should be done from the Central Government. I hope this would be considered seriously by the hon. Finance Minister.

श्री बलवारी लाल कंवल (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, बजट प्रस्ताव, जो माननीय चिदम्बरम साहब ने प्रस्तुत किया है, मैं उसकी प्रशंसा और आलोचना, दोनों, करने के लिए समाजवादी पार्टी की तरफ से खड़ा हुआ हूं।

महोदय, कृषि क्षेत्र में जहां 60 करोड़ लगे हुए हैं, वहीं पर 40 करोड़ छोटे व्यापारी, जो हमारे ट्रेडिशनल व्यापारी हैं, लगे हुए हैं। मुझे बड़ा खेद है, उपसभापति महोदय, हमारे किसी भी वक्ता ने उन 40 करोड़ व्यापारियों के दुख-दर्द के बारे में एक भी विचार रखने का कष्ट नहीं किया। मुझे लगता है कि जो वर्तमान सरकार है, वह व्यापारियों को अपना विरोधी मानती है, अपना दुश्मन मानती है। चार बजट मैंने पढ़े हैं, एक किताब अभी वर्तमान सरकार की आई है, जिसमें 196 योजनाएं प्रकाशित की गई हैं, मैं ढूंढता रह गया कि क्या व्यापारियों के बारे में कहीं कोई योजना है। 40 करोड़ लोग सरकार से एक भी सुविधा नहीं लेते, कोई पैसा नहीं लेते, कोई जमीन नहीं मांगते, कोई जायदाद नहीं मांगते और इसके बावजूद 40 करोड़ छोटे व्यापारियों के बारे में, इतने मोटे बजट में, एक लाइन, एक शब्द न लिखना, इससे बड़े दुर्भाग्य की बात, इससे बड़े दुख की बात कोई हो नहीं सकती है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि हमारे चिदम्बरम साहब बहुत ही विद्वान व्यक्ति हैं और बहुत ही अच्छा बजट पेश करते हैं, परन्तु उन्होंने व्यापारियों के बारे में एक भी शब्द नहीं लिखा है। बीमे की तमाम योजनाएं, 400 करोड़ 500 करोड़ रुपया आपने बीमा के लिए दिया है, दिया जाना चाहिए, सकल बीमा किया जाना चाहिए, अधिकारियों का बीमा किया जाना चाहिए, टीचर्स का बीमा किया जाना चाहिए, परन्तु जो व्यापारी ऑनरेरी टैक्स कलैक्टर हैं और जो टैक्स कलैक्टर का बीमा कराते हैं, डी.एम. का बीमा कराते हैं, तहसीलदार का बीमा कराते हैं, तो क्या उस ऑनरेरी टैक्स कलैक्टर को बीमा नहीं कराना चाहिए। जो व्यापारी टैक्स पेअर हैं, PAN Card Holder हैं, क्या उनके लिए शिक्षा की व्यवस्था नहीं करनी चाहिए। आप ग्लोबलाइजेशन की बात कर रहे हैं, आप कनाडा जाकर देखिए, वहां जो PAN Card Holder है, उसको मुफ्त दवाई और मुफ्त पढ़ाई मिलती है। इंजीनियरिंग पढ़ाना हो, चाहे मेडिकल पढ़ाना हो, चाहे कोई शिक्षा देनी हो, कोई लड़का अगर अपने बाप का PAN Card लेकर जाएगा, तो उसको निःशुल्क पढ़ाई मिलती है, चाहे वह कितनी भी ऊंची से ऊंची हो। मैं पूछना चाहता हूं कि पिछले 60 सालों में, मैं दलगत राजनीति की बात नहीं कर रहा, चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, चाहे इधर की पार्टी की सरकार रही हो, चाहे उधर की पार्टी की सरकार रही हो, किसी ने भी आज तक व्यापारी का दुर्घटना बीमा कराने के बारे में, आग लग जाती है, दुकान जल जाती है वह सड़क पर आ जाता है-किसी ने नहीं सोचा। मैं श्री मुलायम सिंह यादव जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि जब हमने व्यापारियों की बात उनके सामने रखी तो उन्होंने 6 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा सेल्स टैक्स विभाग की तरफ से और लेबर क्लास विभाग की तरफ से कराया। मैं वित्त मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा और सरकार से भी अनुरोध करना चाहूंगा कि अगर 40 करोड़ व्यापारियों के दुख-दर्द की आपको जरा सी भी चिंता है तो उनका बीमा भी कराइए। कितना लगेगा? हमने तो पत्र भेजा था चिदम्बरम साहब को, हम उनसे मिलकर आए। 300 करोड़, 400 करोड़ रुपए में सारे टैक्स पेअर व्यापारियों का बीमा हो जाएगा। केवल टैक्स पेअर व्यापारियों के बीमे की बात हो रही है, आप क्यों नहीं सोचते?

सर, यह जो कारपोरेट रिटेल आ रहा है, इस बारे में हमने पूरे देश का दौरा किया। मैं खुद गया, व्यापार मंडल का अध्यक्ष होने के नाते और हमने सैंकड़ों, जो तमाम कारपोरेट रिटेल के शॉपिंग मॉल्स हैं, हमने उनका दौरा किया और हमने उनसे तफ्तीश की तो हमें पता लगा कि एक लाख रुपए की बिक्री पर केवल दस लोगों को रोजगार दिया जा रहा है और ढिंढोरा पीटा जा रहा है कि कारपोरेट सैक्टर रोजगार दे रहा है, रोजगार दे रहा है, रोजगार दे रहा है और हमारा व्यापारी, जो परम्परागत व्यापारी है, वह एक लाख रुपए की बिक्री पर 100 लोगों को रोजगार दे रहा है। मुझे बड़ा दुख है कि इस बजट में कारपोरेट रिटेल पर लगाम लगाने के लिए एक भी शब्द नहीं लिखा गया है। ग्रोथ का हल्ला मचाया जा रहा है कि ग्रोथ बढ़ रही है, ग्रोथ बढ़ रही है। ग्रोथ तो बढ़ रही है, पर ग्रोथ बेरोजगारी की भी बढ़ रही है ग्रोथ बेकारी की भी बढ़ रही है, ग्रोथ भुखमरी की भी बढ़ रही है ग्रोथ आत्महत्याओं की भी बढ़ रही है और अगर ग्रोथ आत्महत्याओं की बढ़ रही है तथा कारपोरेट रिटेल के आने से अगर छोटा व्यापारी आत्महत्या करने के लिए मजबूर होगा और उसके लिए बजट में एक शब्द

भी नहीं लिखा जाएगा, तो मैं समझता हूं कि यह निरर्थक बजट है और 40 करोड़ छोटे व्यापारियों की आशाओं पर तुषारापात करने वाला बजट है। इसलिए मैं वित्त मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि व्यापारियों का दुर्घटना बीमा कराया जाए, व्यापारियों का अग्नि बीमा कराया जाए... । जो व्यापारी इनकम टैक्स देते हैं उनके लिए इस बजट में मुफ्त पढ़ाई, मुफ्त दवाई का प्रावधान किया जाए और जब चिदम्बरम साहब चर्चा करेंगे तो उसमें जरूर व्यवस्था करेंगे। उपसभापति महोदय, मैं एक छोटी-सी बात कहना चाहता हूं। महंगाई की बात इतनी हुई, अभी मैं चिदम्बरम का मंदिर देखने गया था, चिदम्बरम साहब की Constituency में भी गया था और मुझे वहां इतना अफसोस हुआ, मैं रोटी खाता हूं, पूरी नहीं खाता हूं। जब मैं होटल में रोटी खाने के लिए गया, यहां देश की राजधानी दिल्ली के कनाट प्लेस में दो रुपए की रोटी मिलती है और वहां चिदम्बरम साहब के चिदम्बरम में बारह रुपए की रोटी मिलती है। इतनी महंगाई कि हिन्दुस्तान में बारह रुपए की रोटी बिकेगी। फिर आप ग्रोथ का हल्ला मचाएंगे कि हिन्दुस्तान तरक्की कर रहा है। गरीब लोगों को बारह रुपए की रोटी खिलाएंगे। उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि चाहे केरल हो या चाहे तमिलनाडु हो, कम से कम होटलों में रोटी का रेट तो ठीक करा दीजिए। अगर दिल्ली में दो रुपए में रोटी मिलती है तो वहां भी दो रुपए में रोटी मिलनी चाहिए। मैं दो-तीन छोटे-सुझाव देना चाहूंगा। अभी टैक्स का रेट तीन स्लैब में किया है और आपने चालीस हजार की छूट बढ़ाई है। मैं कहना चाहता हूं कि चिदम्बरम साहब बहुत साहसी व्यक्ति है, मैं उनकी तारीफ करना चाहता हूं।

SHRI S.S. PALANIMANICKAM: Sir, the temple place is different from Mr. Chidambaram's constituency.

श्री बनवारी लाल कंछल: मैं चिदम्बरम जी की Constituency में भी गया था, वहां भी दो-तीन छोटे-छोटे temples हैं, मैं वहां भी देख कर आया हूं। वहां रोटी बारह रुपए की मिली। मैं अपने केन्द्रीय वित्त मंत्री जी की तारीफ भी करना चाहता हूं, पिछले कई वित्त मंत्री हमने देखे हैं, दस हजार रुपए की छूट बढ़ाने में उनको पसीना आ जाया करता था, परन्तु इन्होंने जो चालीस हजार रुपए की छूट बढ़ाई है, यह निश्चित ही बहुत साहस का काम है और मैं इसकी तारीफ भी करता हूं। यदि इन तीन स्लैबों में थोड़ा-सा सुधार कर दिया जाए तो उससे हमारा राजस्व भी बहुत बढ़ जाएगा और काला धन भी सफेद हो जाएगा, जैसे 150001 रुपए से तीन लाख तक दस प्रतिशत है, इसको बढ़ाकर पांच लाख कर दिया जाए। पांच लाख तक 10 परसेंट टैक्स, दस लाख तक 20 परसेंट टैक्स और दस लाख से ऊपर 30 परसेंट की दरें कर दी जाएं तो सरकार को बहुत ज्यादा राजस्व मिलेगा। पहले 90 परसेंट राजस्व था, तो फिर घटाकर 30 परसेंट टैक्स किया तो कितना राजस्व मिलने लग गया। काला धन सफेद होगा और सरकार की विकास योजनाओं में बहुत पैसा मिलेगा। आपने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक लाख 95 हजार से बढ़ाकर दो लाख पच्चीस हजार किया। वरिष्ठ नागरिक पिछले दस सालों से मांग कर रहे हैं कि लालू यादव जी ने अपने रेल बजट में वरिष्ठ नागरिक की आयु सीमा साठ साल रखी है और चिदम्बरम साहब ने पैंसठ साल कर रखी है। अगर आप वरिष्ठ नागरिक की आयु सीमा साठ साल कर दें तो वरिष्ठ नागरिकों को इसका बहुत सा लाभ मिल जाएगा। इससे रेल मंत्रालय और वित्त मंत्रालय में आयु सीमा एक हो जाएगी और उसमें disparity नहीं रहेगी।

श्री उपसभापति: इससे ज्यादातर M.P. भी आ जाएंगे।

श्री बनवारी लाल कंछल: M.P. तो आ ही जाएंगे, परंतु बहुत सी जनता आ जाएगी। मेरा अनुरोध है कि इसको कर दें। बजट की धारा 163 में अधिभार समाप्त नहीं किया गया है। हमारे वित्त मंत्री जी कहते हैं कि हमारे पास बहुत राजस्व आ रहा है। जब आपके टारगेट से ज्यादा राजस्व आ रहा है तो फिर आप दस परसेंट का अधिभार क्यों रख रहे हैं। अधिभार रखने का क्या औचित्य है? अधिभार तो इंदिरा जी ने बढ़ाया था, बांग्ला देश से जब युद्ध हुआ था, तब अधिभार बढ़ाया था। इस समय देश में कौन-सा संकट है कि आप अधिभार बढ़ा रहे हैं? मेरा अनुरोध है कि अधिभार को समाप्त किया जाना चाहिए। अधिभार की कोई आवश्यकता नहीं है। बजट की धारा 181 में बैंकिंग लेन-देन का टैक्स समाप्त कर दिया गया है, मैं इसका स्वागत करता हूं, बजट की धारा 183 में आपने वैट यानी केन्द्रीय बिक्री कर की दर को तीन प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। मैं इसका भी स्वागत करता हूं। व्यापारी यह मांग कर रहे हैं कि बीस साल पहले आपने एक कानून बनाया था कि एक दिन में बीस हजार से ज्यादा नकद लेन-देन कोई व्यापारी नहीं कर सकता है। यह कानून बीस साल पहले बनाया गया था। अब बीस हजार की कीमत कितनी रह गई है। हम लोग मांग कर रहे हैं कि नकद लेन-देन की सीमा को बढ़ाकर एक लाख रुपए तक कर दिया जाए। अगर आज कोई व्यापारी दिल्ली में चालीस हजार

का सामान खरीदने आता है, रात को उसका प्रोग्राम बना और वह ड्राफ्ट नहीं बनवा पाया, ऐसी परिस्थिति में वह चालीस हजार का सामान नकद नहीं खरीद सकता है। माननीय वित्त मंत्री जी, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इस बीस हजार की सीमा को एक लाख कर देने में सरकार का कोई नुकसान नहीं है। केवल अधिकारी-इंस्पेक्टर राज बढ़ता है और पैसे का लेन-देन बढ़ता है, इसलिए इस सीमा को एक लाख रुपया कर दीजिए।

छोटे व्यापारियों के लिए ऑडिट सीमा आपने बीस साल पहले चालीस लाख निर्धारित की थी, अब चालीस लाख की क्या वैल्यू है? इसलिए इसको बढ़ाकर एक करोड़ किया जाना बहुत उचित होगा। इसी प्रकार से आपने राष्ट्रीय बचत योजना में, सैक्शन 80 सी में कोई बढ़ोतरी नही की है। महंगाई का इतना ज़ोर है, महंगाई घटाने के लिए हम सुझाव दे रहे हैं। बचत योजना 80 सी की राशि एक लाख से बढ़कार दो लाख कर दीजिए, जब आदमी बचत योजना में अपना एक लाख रुपया लगा देगा, तो उसकी एक लाख की परचेजिंग पावर घट जाएगी और परचेजिंग पावर घट जाने से चीज़ों के दाम कम होंगे और महंगाई पर अंकुश लगेगा। जब देश में और देश के प्रदेशों में बचत राशि बढ़ेगी, तो तमाम योजनाओं में आप अपना धन invest कर सकेंगे और उद्योगों का विकास कर सकेंगे और सरकार के राजस्व पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभव नहीं पड़ेगा।

महोदय, अब मैं पैन कार्ड पर आता हूं। पैन कार्ड में आपने बहुत सुधार किया है, इसके लिए वित्त मंत्री जी बधाई के पात्र हैं। इन्होंने अपने विभाग की पूरी monitoring कर रखी है, पर जो दो रुपया income tax दे रहा है, उसके पास भी वही पैन कार्ड है, जो दो करोड़ रुपया income tax दे रहा है, उसके पास भी वही पैन कार्ड है। इसलिए मेरा सुझाव है कि जो व्यक्तिगत आय कर देने वाले हैं, उनके पैन कार्ड का रंग अलग होना चाहिए और जो कॉरपोरेट हैं, कंपनी के लोग हैं, उनके पैन कार्ड का रंग अलग होना चाहिए। पैन कार्ड में तीन श्रेणियां बनाइए - जो एक लाख रुपया वार्षिक टैक्स दे रहा है, उसको रजत पैन कार्ड दीजिए, जो पांच लाख रुपया या दस लाख रुपया वार्षिक टैक्स दे रहा है, उसको गोल्डन पैन कार्ड दीजिए और जो पच्चीस लाख रुपए से ज्यादा वार्षिक कर दे रहा है, उसको प्लैटिनम पैन कार्ड दीजिए। अगर ये तीन श्रेणियां कर देंगे, तो लोगों में प्रतिस्पर्धा हो जाएगी कि मैं रजत कार्ड बनवाऊंगा, मैं भी टैक्स ज्यादा दूंगा, मैं गोल्डन कार्ड बनवाऊंगा, मैं भी ज्यादा टैक्स दूंगा, इन तरीकों से ज्यादा टैक्स आएगा और जो आदमी अपनी जेब में गोल्डन पैन कार्ड लेकर चलेगा, उपसभापति महोदय, वह शान समझेगा कि मेरे पास गोल्डन कार्ड है, मैं गोल्डन कार्ड धारक हूं, मैं सिल्वर कार्ड धारक हूं, मैं प्लैटिनम कार्ड धारक हूं। अगर ये छोटे-छोटे सुझाव आप मान लेंगे, तो राजस्व तो आपको इतना मिल जाएगा कि रखने की जगह नहीं मिलेगी। इसी प्रकार से मैं एकाध छोटे-छोटे सुझाव और दूंगा।

उपसभापति महोदय, जब कोई व्यक्ति अच्छा काम करता है, तो आप उसे शाबासी देते हैं, आप उसको prize देते हैं, परंतु हमारे यहां क्या हो रहा है? आय कर विभाग में उलटी गंगा बह रही है। अगर किसी व्यापारी की सेल ज्यादा हो गई और किसी व्यापारी ने पिछले साल से ज्यादा income tax pay किया, तो दंड के रूप में उसका खाता scrutiny में खोल दिया जाएगा और उसको दंडित किया जाएगा। अधिकारी पचास बार उसके दफ्तर में अपने जूते घिसवा ले, ऐसा क्यों किया जा रहा है? जो आदमी पिछले साल से ज्यादा income tax दे रहा है, उसको तो prize देना चाहिए, उसको तो इनाम मिलना चाहिए, इसलिए यह जो scrutiny की गंदी व्यवस्था है कि जो सेल बढ़ाते हैं, जो income tax ज्यादा देते हैं, उसका scrutiny में आप लाएंगे, अधिकारियों के दरवाज़े पर उसकी नाक रगड़वाएंगे, उसके जूते घिसवाएंगे, ऐसा गलत काम कम से कम आयकर विभाग में नहीं होना चाहिए। मैं अपने विद्वान वित्त मंत्री से अनुरोध करता हूं कि जिसकी सेल बढ़े, जिसकी आय बढ़े, उसको बुलाकर उसकी पीठ ठोंक दीजिए, उसको बुलाकर एक शॉल present करवा दीजिए, एक memento भेंट करवा दीजिए, मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूं कि कम से कम प्लीज़, उसका scrutiny में खाता मत खोलिए।

श्री उपसभापति: शायद यह तो वे कर रहे हैं।

श्री बनवारी लाल कंछल: नहीं किया है, वे नहीं कर रहे हैं।

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं, वे award दे रहे हैं - Best Taxpayer Award.

श्री बनवारी लाल कंछल: नहीं, नहीं, वह तो दे रहे हैं, पर पिछले साल से इस साल किसी ने ज्यादा टैक्स दे दिया है, तो उसको दंडित कर रहे हैं।

महोदय, एक सुझाव मैं और देना चाहता हूँ। अभी scrutiny में अधिकारियों की बहुत लाल-फीताशाही है जिसके मन में आता है, दफ्तर से फोन आता है - कंछल साहब, आपकी फाइल scrutiny में आ रही है, अधिकारी से आकर मिल लीजिए। क्यों अधिकारी से मिलवाते हैं? अधिकारी से मिलने का मतलब है एक लाख रुपए देना। अधिकारी से मिलने का मतलब पचास हज़ार रुपया देना। अधिकारी से क्यों मिलवा रहे हैं आप? इसलिए एक नियम बना दीजिए? मंत्री जी, आप एक नियम बना दीजिए कि जो पिछले साल से पंद्रह परसेंट राजस्व बढ़ाकर दे, उसका खाता scrutiny में नहीं आना चाहिए। जो कम टैक्स ...(व्यवधान)...

SHRI S.S. PALANIMANICKAM: Please send the name of officers.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How, can he?

श्री बनवारी लाल कंछल: नाम दे देंगे, तो हमारी खटिया खड़ी हो जाएगी, आपका कुछ नहीं जाएगा। अगर आप कह रहे हैं कि नाम दे दीजिए, तो नुकसान हमारा ही होगा। खरबूजे पर चाकू इधर से गिरे या उधर से गिरे। आप उस अधिकारी का कुछ नहीं बिगाड़ेंगे, बिगाड़ेंगे हमारा ही। वह कहेगा - अच्छा, तुमने मंत्री जी को नाम दिया है, अब मैं तुम्हें दिखाता हूं कि तुम कितने बड़े एम.पी. हो, अब मैं तुम्हें ठीक करता हूं और आप कुछ नहीं कर पाएंगे। इसलिए मेरा अनुरोध है कि एक नियम बनाइए। मैं आलोचना नहीं कर रहा हूं, मैं राजस्व बढ़ाने के हित की बात कर रहा हूं। अगर व्यापारी पिछले साल से 15 परसेंट राजस्व बढ़ाकर दे रहा है तो आप कानून बना दीजिए कि जब तक वह उसे बढ़ाकर देता रहेगा, उसका खाता scrutiny में नहीं आएगा। बढ़ाने वालों को हतोत्साहित मत कीजिए। जब आप उन्हें हतोत्साहित कर देते हैं, तभी आदमी नम्बर-दो के खाते रखता है। नम्बर-दो के खातो को बंद करने की व्यवस्था कर नम्बर-एक के खातों को संचालित करने की व्यवस्था कीजिए। अगर इनकम टैक्स के कानूनों में आप थोड़ा सा परिवर्तन कर देंगे तो मैं समझता हूं कि इससे बहुत लाभ होगा।

महोदय, अंत में मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि हमारे किसानों के मसीहा मुलायम सिंह जी ने बार-बार यह कहा है कि जब तक किसानों को फसल का लाभप्रद मूल्य नहीं मिलेगा, तब तक उनकी हालत में सुधार नहीं होगा। अभी तो आपने उन्हें बेहोशी का इंजेक्शन दे दिया है। यह जो ऋण माफी है, यह बेहोशी का इंजेक्शन है। ऑपरेशन करना है, बेहोशी का इंजेक्शन दे दो, उसके बाद चाहे जहां से बदन काट लो, पता ही नहीं चलेगा। उन्होंने केवल तीस परसेंट या चालीस परसेंट ऋण बैंकों से लिया हुआ है, बाकी साठ-परसेंट ऋण दूसरे बैंको यानी साहूकारों से ले रखा है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि आप आस्ट्रेलिया से गेहूं खरीदते हो, आप बाहर से दलहन खरीदते हो, जो दाम आप आस्ट्रेलिया को दे सकते हैं, वही दाम हिन्दुस्तान के किसानों को मिलना चाहिए। अगर आप ऐसी व्यवस्था कर देंगे तो किसानों की आत्महत्या बंद हो जाएगी और उनके चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी, उनके घरों में खुशहाली आ जाएगी। केवल ऋण माफी करने से किसानों के घरों में खुशहाली नहीं हो सकती। मैं तो मुलायम सिंह जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, यूएनपीए को धन्यवाद देना चाहता हूं कि चार दिन तक उन्होंने हाउस नहीं चलने दिया, इसलिए मजबूर होकर माननीय चिदम्बरम जी ने ऋण माफी की है। चलिए, इसके बावजूद भी मैं उनको धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने ऋण माफी की है। किंतु आप कल एक घोषणा और कर दीजिए कि किसानों को फसल का वही मूल्य दिया जाएगा, तो मूल्य हम आस्ट्रेलिया को गेहूं का दे रहे हैं। इसी प्रकार दलहन मंगाने पर विदेशों को जो दलहन का मूल्य दे रहे हैं, वही हम भारत के किसानों को देंगे। अगर आप ऐसा कर देंगे तो निश्चित रूप से पूरे देश में आपकी जय-जयकार होगी। अंत में, मैं एक और बात कहना चाहता हूं कि आप व्यापारियों को अपना दुश्मन मत मानिए, व्यापारियों को अपना दोस्त मानिए और उनके लिए भी बजट में कुछ जरूर करवा दीजिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री उपसभापति: धन्यवाद कंछल जी। आपने बहुत अच्छे सुझाव दिए हैं।

RECOMMENDATIONS OF THE BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Honourable Members, I have to inform you that the Business Advisory Committee in its meeting held today, that is, the 13th March, 2008, has allotted time for the Government Legislative and other Business as follows: